सूर्योदय - 06:46
सूर्यास्त - 05:27

अधिकतम तापमान 27.1°
न्यूनतम तापमान 12.1°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 109 गुरुग्राम (हरियाणा), 'शनिवार 21 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ठ : 08

पानी की हर बूंद का सही इस्तेमाल हो, किसानों को सब्सिडी मिलने में न हो देरी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

माइक्रो इरिगेशन का दायरा बढ़ाने के निर्देश; गन्ना किसानों को ड्रिप इरिगेशन अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे अधिकारी, किसान का 15 प्रतिशत अंशदान जमा होते ही मिलेंगे उपकरण

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानी की हर बूंद का सही और जरूरत के अनुसार इस्तेमाल करना समय की मांग है। खेती में पानी की बचत और सिंचाई की दक्षता बढ़ाने के लिए माइक्रो इरिगेशन को बड़े स्तर पर बढ़ावा देना जरूरी है। इसी दिशा में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को इस तकनीक का लाभ समय पर मिले और सब्सिडी जारी करने में देरी न हो। इसके लिए सब्सिडी की प्रक्रिया सरल की जाए, लंबित आवेदनों का तेजी से निपटारा हो और किसान का निर्धारित 15 प्रतिशत अंशदान जमा होते ही उसे माइक्रो इरिगेशन सिस्टम लगाने के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने गन्ने की खेती करने वाले किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें ड्रिप इरिगेशन अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए।



मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी हरियाणा सिविल सचिवालय में माइक्रो इरिगेशन एंड कमांड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (मिकाडा) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग अग्रवाल, मिकाडा के प्रशासक श्री बीरेन्द्र सिंह, मुख्य अभियंता श्री संजीव दत्त शर्मा, संयुक्त निदेशक श्री राजेश यादव तथा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि नाबार्ड से ऋण सहायता के तहत माइक्रो इरिगेशन फंड (एमआईएफ) के अंतर्गत 402.41 करोड़ रुपये की लागत वाली चार परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं के तहत महेंद्रगढ़, अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, भिवानी और झज्जर जिलों में 61 आउटलेट के माध्यम से 11,040 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसी भी आउटलेट के लिए टेंडर तभी जारी किया जाए, जब उससे जुड़े कम से कम 60 प्रतिशत लाभार्थियों की सहमति मिल जाए। बैठक में बताया गया कि 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' (पीडीएमसी) योजना के तहत किसानों को माइक्रो इरिगेशन सिस्टम पर 85 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। छोटे और सीमांत किसानों को केंद्र सरकार की ओर से 33 प्रतिशत तथा राज्य सरकार की ओर से 52 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। वहीं, दो हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले किसानों को केंद्र सरकार की ओर से 27 प्रतिशत और राज्य सरकार की ओर से 58 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है।

सब्सिडी जारी करने की मौजूदा प्रक्रिया में करीब 120 दिन का समय लगता है। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रक्रिया की समीक्षा कर इसे सरल बनाया जाए और चरणों तथा समय को न्यूनतम संभव स्तर तक लाया जाए, ताकि किसानों को समय पर सब्सिडी मिल सके। उन्होंने लंबित आवेदनों का निपटारा भी तेजी से करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसान का 15 प्रतिशत अंशदान आवेदन जमा करते समय ही लिया जाए। इसके लिए पीडीएमसी पोर्टल को 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल के साथ एकीकृत किया जाएगा, ताकि किसान का निर्धारित अंशदान शुरुआती चरण में ही जमा हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसान का अंशदान जमा होते ही उसे माइक्रो इरिगेशन सिस्टम लगाने के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जाए। आवेदनों के निपटारे में तेजी लाने और आंकड़ों के सुचारू आदान-प्रदान के लिए मुख्यमंत्री ने माइक्रो इरिगेशन पोर्टल को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पोर्टल के साथ एकीकृत करने के निर्देश दिए, ताकि लाभार्थियों की ई-केवाईसी स्वत: हो सके। साथ ही हरेडा, राजस्व पोर्टल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पोर्टल और मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल सहित सभी संबंधित सरकारी पोर्टलों को भी मिकाडा के पोर्टलों के साथ जोड़ा जाएगा।

प्रदेश में ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकल खेती का दायरा बढ़ाया जाए

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष प्रयासों और योजनाओं को बड़े स्तर पर लागू करके प्रदेश में ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकल खेती का दायरा बढ़ाया जाए मुख्यमंत्री ने मौजूदा वॉटरकोर्स पॉलिसी की समीक्षा कर इसमें आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिए, ताकि इसे अधिक प्रभावी, व्यावहारिक और किसान हितैषी बनाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से पहले से पूरी हो चुकी एसटीपी परियोजनाओं में किसानों से सहयोग लेने पर विचार करने को कहा। ताकि इनके संचालन और रखरखाव में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके, जिससे उनकी दीर्घकालिक स्थिरता बनाए रखने में मदद मिल सकती है। मिकाडा के अधिकारियों ने बैठक में बजट आवंटन को लेकर भी चर्चा की। इस पर मुख्यमंत्री ने वॉटरकोर्स और माइक्रो इरिगेशन योजनाओं, दोनों के लिए बजट बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मिकाडा की गतिविधियों को मनरेगा के साथ जोड़ने के भी निर्देश दिए, ताकि पात्र कार्यों को विभिन्न योजनाओं के संसाधनों के समन्वय से पूरा किया जा सके।

कपाल मोचन मेला आस्था, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

प्रदेशवासियों को मिली 187 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को सौगात

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा की धरती पर आस्था, अध्यात्म और सांस्कृतिक एकता की सदियों पुरानी परंपरा का प्रतीक श्री कपाल मोचन-आदि बद्री मेला शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हुआ। मेले के उद्घाटन अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कपाल मोचन ऐसा पावन स्थल है, जहां विभिन्न धर्मों और संप्रदायों की आस्था एक साथ दिखाई देती है। इस अवसर पर केंद्रीय विरासत एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरु घर में माथा टेका और हवन यज्ञ के साथ श्री कपाल मोचन श्री आदिबद्री मेले का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने कपाल मोचन, ऋण मोचन और सूरजकुंड सरोवरों का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास को भी समान प्राथमिकता दे रही है। इसी कड़ी में आज मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेशवासियों को विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देते हुए 187 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 16 नई अमृत फार्मेसी शामिल हैं, जहां आमजन को जीवनरक्षक दवाइयां रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। इसके अलावा 11 जलघरों में नए टैंकों का निर्माण तथा जगाधरी शहर की पुरानी सीवर लाइन के पुनर्वास कार्य का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि आस्था और विकास, दोनों साथ-साथ चलें, यही सरकार का संकल्प है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री कपाल मोचन-आदि बद्री मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, सद्भावना, एकता और भाईचारे का ऐसा संगम है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत की वास्तविक पहचान कराता है। यही भारत की आत्मा और हमारी साझा संस्कृति की ताकत है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बिलासपुर में श्री कपाल मोचन-आदि बद्री मेले के उद्घाटन अवसर पर कर रहे थे।

चार प्रमुख तीर्थों के विकास के लिए श्राइन बोर्ड का गठन


मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों को सहेजना सरकार का दायित्व है। इसी उद्देश्य से श्री कपाल मोचन, श्री बद्री नारायण, श्री मंत्रा देवी और श्री केदारनाथ के व्यवस्थित विकास के लिए समर्पित श्राइन बोर्ड का गठन किया गया है। तीर्थ का कायाकल्प दो चरणों में किया जा रहा है। इस वर्ष मेले और तीर्थ के रखरखाव पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं तथा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुरुओं के शौर्य और बलिदान से नई पीढ़ी को परिचित कराने के लिए तीन करोड़ रुपये की लागत से 'गुरु गोबिंद सिंह युद्ध कला संग्रहालय' बनाया गया है। वहीं, लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए भगवानपुर में 112 करोड़ रुपये की लागत से उनके स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। मां सरस्वती के उद्गम स्थल आदि बद्री को भी प्रमुख तीर्थ एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को नि:शुल्क वाराणसी तीर्थ यात्रा करवाएगी हरियाणा सरकार

आवेदन के लिए जल्द खोला जाएगा पोर्टल

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रदेश के बुजुर्ग श्रद्धालुओं को नि:शुल्क वाराणसी तीर्थ यात्रा करवाएगी। इसके लिए आगामी दिसंबर या जनवरी माह में विशेष रेलगाड़ी के माध्यम से श्रद्धालुओं को वाराणसी ले जाने की योजना है। यात्रा के लिए पात्र श्रद्धालुओं से आवेदन आमंत्रित करने हेतु जल्द ही पोर्टल खोला जाएगा। इस संबंध में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के निदेशक डॉ आदित्य दहिया ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में आईआरसीटीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। डॉ आदित्य दहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा आगामी दिनों में विशेष रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को वाराणसी के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे।



उन्होंने बताया कि रेल यात्रा के दौरान प्रत्येक श्रद्धालु को पर्यटक किट भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस योजना का लाभ 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के बुजुर्ग श्रद्धालु उठा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत इससे पहले प्रदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्या तथा महाराष्ट्र स्थित श्री हजूर साहिब, नांदेड़ की नि:शुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जा चुकी है। योजना के तहत पात्रता के लिए श्रद्धालु के परिवार की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक पात्र श्रद्धालु पोर्टल खुलने के बाद ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

हरियाणा में शुरू हुआ सबसे बड़ा पॉश ट्रेनिंग अभियान': विपुल गोयल

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं विभागीय महिला कर्मचारियों को किया जाएगा जागरूक

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। किसी भी देश और समाज की वास्तविक प्रगति में महिलाओं की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार महिलाओं को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल फरीदाबाद में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं विभागीय महिला कर्मचारियों को कार्यस्थल पर



महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे जागरूक एवं प्रशिक्षण पर विशेष पॉश ट्रेनिंग अभियान का शुभारम्भ कर रहे थे।

श्री विपुल गोयल ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, मातृशक्ति उद्यमिता योजना, पोषण अभियान तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध करवाना भी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए पॉश एक्ट के कानूनी प्रावधानों, नियमों एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी होनी चाहिए। महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक होना आवश्यक है, ताकि वह किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध प्रभावी ढंग से आवाज उठा सके।

सरस्वती नदी का पुनर्जीवन, करतारपुर साहिब कॉरिडोर और अयोध्या में श्रीराम मंदिर की पुनर्स्थापना भारत के उभरते सौभाग्य के प्रतीक : केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

कपाल मोचन तीर्थ आस्था, आत्मशुद्धि और भारत की साझा संस्कृति की विरासत का केंद्र : केंद्रीय मंत्री

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। केंद्रीय विरासत एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हरियाणा में सरस्वती नदी के पुनर्जीवन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कार्य है। सरस्वती का पुनर्जीवन देश के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना करतारपुर साहिब का गलियारा खुलना और अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की पुनर्स्थापना होना। ये तीनों घटनाएं भारत के उभरते सौभाग्य और गौरवशाली पुनर्जागरण के प्रतिबिंब हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन सरस्वती नदी विलुप्त हुई, उसी दिन से भारत के सौभाग्य का सूर्य अस्ताचल की ओर बढ़ना शुरू हो गया था। इसी प्रकार, जिस दिन भगवान श्रीराम का मंदिर ध्वस्त हुआ, वह भी भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव के लिए एक कठिन कालखंड था। लाखों लोगों के बलिदान और शताब्दियों के लंबे संघर्ष के बाद आज देश एक ऐसे यशस्वी दौर में पहुंचा है, जब अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर पुनर्स्थापित हुआ है और भारत का सौभाग्य सूर्य एक बार फिर उदित होकर पूरी दुनिया को अपनी आभा से आलोकित कर रहा है।

केंद्रीय विरासत एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत यमुनानगर जिले में शुक्रवार को आयोजित श्री कपाल मोचन-आदि बद्री मेला के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा



के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरु घर में माथा टेका और हवन यज्ञ के साथ श्री कपाल मोचन श्री आदिबद्री मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर अतिथियों ने रिमोट का बटन दबाकर लगभग 187 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 16 नई अमृत फार्मेसी शामिल हैं, जहां आमजन को जीवनरक्षक दवाइयां रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। इसके अलावा 11 जलघरों में नए टैंकों का निर्माण तथा जगाधरी शहर की पुरानी सीवर लाइन के पुनर्वास कार्य का शिलान्यास किया गया है। इससे पहले, उन्होंने पुलिस विभाग के मोबाइल पुलिस बूथ का उद्घाटन किया और मेला परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन भी किया। अपने संबोधन में श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कपालमोचन तीर्थ को नमन करते हुए कहा कि कपाल मोचन तीर्थ केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मचिंतन और भारत की साझा संस्कृति की विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। तीर्थयात्रा केवल किसी स्थान तक पहुंचने मात्र तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और मन में एक नया संकल्प लेने के साथ सकारात्मक परिवर्तन का अवसर भी होती है। कपाल मोचन की यह धरती हमें अपने भीतर से अहंकार और क्रोध त्यागकर बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा प्रदान करती है। श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हरियाणा की पहचान पहले कृषि और यहां के सैनिकों एवं रणबांकुरों से होती थी, जो सीमाओं पर खड़े होकर सदियों से देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करते आए हैं। वर्तमान संदर्भ में हरियाणा की पहचान यहां के खिलाड़ियों, पहलवानों और बॉक्सरों से होती है।

गांवों में भी शहरी विकास की तर्ज पर सुविधाओं का होगा विस्तार, विकास कार्यों में गुणवत्ता और जनसुविधाओं को दें प्राथमिकता : राव नरबीर सिंह

धनकोट और खेड़की माजरा में विकास कार्यों का निरीक्षण कर कैबिनेट मंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के गांवों में भी शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर विकास और आधुनिक जनसुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विकास के बीच किसी प्रकार का अंतर न रहे। गांवों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ सड़क, सीवरेज और स्वच्छ पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम के अंतर्गत आने वाले गांव धनकोट और खेड़की माजरा में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी सुने।

कैबिनेट मंत्री ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की मांग और सड़क सुरक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रमुख मार्गों पर चिन्हित स्थानों पर आवश्यकतानुसार टेबल टॉप ब्रेकर का निर्माण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि गांवों में आवागमन के दौरान पैदल यात्रियों, बच्चों और वाहन चालकों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। विकास कार्यों का उद्देश्य केवल आधारभूत ढांचे का निर्माण करना नहीं, बल्कि आमजन को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना भी होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की ओर से रखी गई समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें।

राव नरबीर सिंह ने सीवरेज व्यवस्था से संबंधित ग्रामीणों की मांग पर निर्देश दिए कि जब तक संबंधित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में सीवरेज के निस्तारण की समुचित व्यवस्था उपलब्ध न हो, तब तक गांवों में सीवर लाइन डालने का कार्य शुरू न किया जाए। उन्होंने कहा कि सीवरेज जैसी आधारभूत सुविधा का विस्तार योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए, ताकि भविष्य में ग्रामीणों को जलभराव, गंदगी अथवा सीवरेज के अनुचित निस्तारण जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने गांवों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए भी अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संतुलित एवं समान विकास की नीति पर आगे बढ़ रही है। सरकार का प्रयास है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचे तथा लोगों को अपने ही गांवों में बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे करवाए जाएं।

निरीक्षण दौरे के दौरान नगर निगम गुरुग्राम के अधीक्षण अभियंता कृष्ण कुमार, संयुक्त आयुक्त रविंद्र मलिक, जिला वन अधिकारी सुरेंद्र दांगी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

विमुक्त घुमंतु एवं टपरीवास समुदायों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें अधिकारी : जसमेर सिंह बंजारा

हरियाणा विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड के अध्यक्ष ने विकास सदन में अधिकारियों के साथ की बैठक, वर्ग के कल्याण एवं उत्थान पर हुई चर्चा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड के अध्यक्ष जसमेर सिंह बंजारा ने आज विकास सदन, गुरुग्राम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर विमुक्त घुमंतु एवं टपरीवास समुदायों के कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समुदायों के पात्र लोगों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। एडीसी सोनू भट्ट, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमित कुमार, एसीपी कपिल अहलावत व जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने अध्यक्ष का जिला में आगमन पर स्वागत किया। जसमेर सिंह बंजारा ने कहा कि विमुक्त घुमंतु एवं टपरीवास समुदायों को सम्मानजनक जीवन, सामाजिक पहचान, सरकारी योजनाओं का लाभ तथा समाज की मुख्यधारा में उचित स्थान दिलाना हरियाणा सरकार की प्राथमिकता है। इन समुदायों के अंतर्गत 35 जातियां आती हैं। ऐसे में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इन वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि इन समुदायों के लोगों के श्रमिक कार्ड बनवाने के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, निर्वाचन विभाग, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र परिवारों तक पहुंचाया जाए। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं की जानकारी इन समुदायों के लोगों को मिले और पात्र लाभार्थियों को लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसी तरह बंधुआ और बाल मजदूरी को रोकने के लिए बोर्ड गंभीरता से कार्य कर रहा है।

बैठक के दौरान अध्यक्ष ने कुछ विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा उनकी रिपोर्ट हरियाणा विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड को भिजवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया, स्वास्थ्य विभाग से डा. विकास स्वामी, एएफसओ सुनील कुमार, डीएम सीएससी विकास पुनिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दुकान के नौकर से कराया पिज्जा स्टोर संचालक पर चाकू से हमला, गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। मामूली कहासुनी की रंजिश में एक दुकान के नौकर से पड़ौसी पिज्जा स्टोर संचालक पर चाकू से हमला कराने का मामला सामने आया है। सेक्टर-7 एक्सटेंशन मार्केट में हुए इस हमले में पिज्जा स्टोर संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में न्यू कॉलोनी थाना पुलिस ने वारदात के कथित मास्टरमाइंड दुकानदार मोहम्मद दानिश को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, हमला करने वाला कर्मचारी अभी फरार है। पुलिस के अनुसार, 19 नवंबर की रात करीब पौने 10 बजे सेक्टर-7 एक्सटेंशन मार्केट स्थित पिज्जा स्टोर पर ललित मौर्या काउंटर पर बैठा था। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और पहले उसे थप्पड़ मारा। इसके बाद आरोपी ने चाकू से उस पर करीब एक दर्जन वार कर दिए। अचानक हुए हमले से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। लहूलुहान ललित को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मौके पर मौजूद लोगों ने हमलावर को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वह चकमा देकर फरार हो गया। वारदात दुकान में लगे सीसीटीपूरा घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सूचना मिलते ही न्यू कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच करते हुए पड़ोसी दुकानदार मो दानिश को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि यह कोरियर की दुकान चलाता है तथा इस वारदात को अंजाम देने का मास्टरमाइंड है। इसकी (आरोपी) पीड़ित ललित मौर्या से कुछ दिनों पहले कहासुनी हो गई थी। जिसकी रंजिश रखते हुए इसने अपनी दुकान पर काम करने वाले अपने कर्मचारी को चाकू देकर पीड़ित पर हमला करने के लिए भेजा था। फिलहाल पुलिस मामले में हमलावर की तलाश कर रही है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

गांजा बेचने की फिराक में आरोपी युवक युवक गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गोल्फ कोर्स रोड स्थित मेगा मॉल के पास से एक युवक को 352 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-29 में एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 19 नवंबर को बॉर्डर क्राइम ब्रांच अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसी दौरान गांव चकरपुर स्थित मेगा मॉल, गोल्फ कोर्स रोड की पार्किंग के पास से एक युवक को काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 352 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान रमन उर्फ डोली निवासी गांव कॉलथाना, जिला नूंह और हाल निवासी चकरपुर, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने गांजा किसी अन्य व्यक्ति से लिया था और इसे गुरुग्राम में बेचने की तैयारी कर रहा था। हालांकि, बिक्री करने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

नौ वर्षीय बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, घर के कमरे में लटका मिला शव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सोहना शहर के वार्ड-19 स्थित मंगल नगर में शुक्रवार को 9 वर्षीय बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बच्ची घर के कमरे में फंदे से लटकी हालत में मिली थी। परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के समय पिता काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ था, जबकि मां घर की छत पर कपड़े सुखा रही थी। मासूम की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, मंगल नगर निवासी कैलाश राजमिस्त्री का काम करता है। उसके परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। शुक्रवार को कैलाश काम के सिलसिले में सेंट्रल पार्क गया हुआ था। घर पर उसकी पत्नी और बच्चे मौजूद थे। इसी दौरान मां कपड़े सुखाने के लिए छत पर चली गई। कुछ देर बाद छोटी बेटी ने कमरे में अपनी बड़ी बहन को पंखे से लगे फंदे पर बेसुध देखा और मां को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही मां ने कैलाश को फोन किया। वह तुरंत घर पहुंचा और बच्ची को अस्पताल लेकर गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता के अनुसार, बच्ची पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान रहती थी। घटना की सूचना मिलने पर एसीपी मुकेश यादव, थाना प्रभारी सुरेंद्र और चौकी प्रभारी मनोज यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोहना नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। शनिवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 93.34 लाख की ठगी, आरोपी यूपी से गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 93.34 लाख रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी साइबर ठगों को बैंक खाता उपलब्ध करवाता था। पुलिस के अनुसार, 22 जून 2026 को एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम ईस्ट थाना में शिकायत देकर बताया था कि साइबर ठगों ने उसे शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। उनके झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने करीब 93 लाख 34 हजार रुपये निवेश कर दिए, लेकिन बाद में उसके साथ ठगी होने का पता चला। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने एक आरोपी को 19 नवंबर को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान राजकुमार गुप्ता (38) निवासी निर्मल नगर, सेठघाट, जिला लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम में से 29 लाख 56 हजार 730 रुपए राजकुमार गुप्ता के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता एक अन्य व्यक्ति को उपलब्ध करवाया था, जिसका इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए किया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ और मामले की आगे की जांच कर रही है।

पंचकूला में नर्सिंग ऑफिसर्स के सस्पेंशन के विरोध में 23 नवंबर को हरियाणा के सभी अस्पतालों में हड़ताल

-सेक्टर-10 अस्पताल में हड़ताल की सूचना का आधिकारिक पत्र सौंपा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- सस्पेंड पांच नर्सिंग ऑफिसर्स, एक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व एक वार्ड अटेंडेंट की बहाली की मांग



फाइल फोटो।

गुरुग्राम। पंचकूला में बेकसूर नर्सिंग ऑफिसर्स को सस्पेंड करने के विरोध में नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने बड़ा फैसला लिया है। एसोसिएशन ने 23 नवंबर को पूरे हरियाणा में हड़ताल का निर्णय लिया है। इसकी आधिकारिक सूचना देने के लिए शुक्रवार को सेक्टर-10 अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर्स ने उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज यादव को पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि नर्सिंग ऑफिसर्स अस्पतालों सभी प्रकार की सेवाएं बंद रखेंगीं। उप-चिकित्सा अधीक्षक को पत्र सौंपते हुए नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि पंचकूला में एक मरीज की मौत के मामले में नर्सिंग ऑफिसर्स को बेवजह से घसीटा गया है। हकीकत यह है कि वह मरीज नर्सिंग ऑफिसर्स के पास पहुंचा ही नहीं था। इस मामले में जिन पांच नर्सिंग ऑफिसर्स, एक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व एक वार्ड अटेंडेंट को सस्पेंड किया गया है, वे पूरी तरह बेकसूर हैं। उन्हें बिना निष्पक्ष जांच के, बिना पक्ष सुने सस्पेंड कर दिया गया, जो सरासर अन्याय है। अगर सरकार और प्रशासन ने समय रहते इस फैसले को वापस नहीं लिया तो आंदोलन और तेज होगा। नर्सिंग ऑफिसर्स ने बताया कि बेकसूर साथियों के सस्पेंशन ने पूरे प्रदेश के नर्सिंग स्टाफ में भारी रोष पैदा कर दिया है। इसी रोष के चलते 23 नवंबर को प्रदेशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया है। उनकी मांग है कि पंचकूला में सस्पेंड किए गए सभी नर्सिंग ऑफिसर्स को तत्काल बहाल किया जाए और उन्हें सम्मान सहित ड्यूटी पर वापस लिया जाए। किसी भी नर्सिंग ऑफिसर के खिलाफ कार्रवाई से पहले निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो। एकतरफा कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। पंचकूला घटना को लेकर नर्सिंग ऑफिसर्स ने चेतावनी दी कि 23 नवंबर को होने वाली हड़ताल में प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल, मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य केंद्रों, सभी एसडीएच, सीएचसी, पीएचसी में नर्सिंग कैडर (रेगुलर, कॉन्ट्रेक्ट व एनएचएम) की तीनों शिफ्ट में दिन-रात हड़ताल पर रहेंगें। नर्सिंग सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित रहेंगी। अगर फिर भी सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने पर भी विचार किया जाएगा। सेक्टर-10 अस्पताल में पत्र सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में नर्सिंग ऑफिसर्स मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे मरीज सेवा से पीछे नहीं हटना चाहते, लेकिन अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना भी उनका अधिकार है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि इस मामले में जल्द हस्तक्षेप कर बेकसूर नर्सिंग ऑफिसर्स को न्याय दिलाया जाए, ताकि हड़ताल की नौबत न आए और मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

अबूझ मुहूर्त से शुरू हुए शादी-विवाह, गुरुग्राम में आज एक हजार से अधिक युवा चढ़ेंगे घोड़ी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। देवउठनी एकादशी से शहर में शादी-समारोह व अन्य मांगलिक आयोजन शुरु हो गए हैं। शुक्रवार को अबूझ मुहूर्त पर बड़ी संख्या में शादी-विवाहों का आयोजन किया गया। शहर का ऐसा कोई बैंकट हॉल, होटल, गार्डन व समारोह स्थल नहीं बचा, जिसमें कोई न कोई शादी-विवाह का आयोजन न हुआ हो। आयोजन शुरू हो जाने से कैटरिंग व फूल आदि के कारोबार में भी तेजी आ गई है। इन कार्यों से जुड़े लोग काफी उत्साहित भी दिखाई दे रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार शुक्रवार को इस अबूझ मुहूर्त पर एक हजार से अधिक युवा घोड़ी चढेंगे। रस्म के तौर पर दूल्हे को घोड़ी पर बैठाया जाता है, जिसे घुड़चढ़ी कहते हैं। घोड़ी व बैंड-बाजे वाले भी 2-2 शिफ्टों में काम कर रहे हैं। इसी प्रकार ब्यूटी पार्लर्स में भी सजने-संवरने के लिए महिलाओं का तांता लगा हुआ है। हालांकि शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्थित ब्यूटी पार्लर्स में महिलाओं ने एडवांस बुकिंग कराई हुई है। शादी समारोह शुरु हो जाने के कारण मंदी की मार झेल रहा ब्यूटी पार्लर कारोबार भी बढ़ता दिखाई देना शुरु हो गया है। पूरा दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात जाम की स्थिति बनी रही। शादी-विवाह के आयोजनों के पहले दिन की वजह से बड़ी संख्या में वाहन सडकों पर दिखाई दिए। यातायात पुलिस को यातायात नियंत्रित करने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। उधर जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हुए हुए हैं। वहीं अधिक शादियों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर की सड़कों पर भी ट्रैफिक का दबाव शाम को बढ़ गया।

घर पर फायरिंग करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- श्मशान घाट पर कहासुनी के बाद परिवार पर किया था जानलेवा हमला

गुरुग्राम। गुरुग्राम के गांव गढ़ी बाजिदपुर में एक परिवार के घर पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मुंदर (27) निवासी गांव दमदमा और प्रवीण उर्फ टपली (29) निवासी गांव खेड़ला के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक देसी पिस्टल और एक देसी कट्टा बरामद किया है। इससे पहले गिरफ्तार जयवीर से एक रिवॉल्वर बरामद हुई थी। मामले में अब तक तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं और तीन अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 20 अक्टूबर को शिकायतकर्ता की ताई के अंतिम संस्कार के दौरान श्मशान घाट पर उसके भाई की कुछ लोगों से कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसी रंजिश में उसी दिन शाम करीब 6 बजे आरोपी अपने साथियों के साथ गांव गढ़ी बाजिदपुर स्थित परिवार के घर पहुंचे और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोलियां घर की दीवारों और खिड़कियों पर भी लगीं। मामले की जांच कर रही सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने 6 नवंबर को जयवीर (32) को पटौदी रोड फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया था। इसके बाद 17 नवंबर को मुंदर और प्रवीण को राजीव चौक के पास से पकड़ा गया।

निवेश के नाम पर रिश्तेदारों ने बुजुर्ग दंपत्ति को लगाई 70 लाख की चपत

-रिटायरमेंट फंड को बिल्डर प्रोजेक्ट में निवेश कराने का दिया झांसा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- अदालत के आदेश पर न्यू कॉलोनी थाना पुलिस ने दर्ज किया केस

गुरुग्राम। न्यू कॉलोनी थाना एरिया में निवेश के नाम पर रिश्तेदारों ने एक बुजुर्ग दंपत्ति को 70 लाख रुपये की चपत लगा दी। रिटायरमेंट के बाद मिली करीब 70 लाख रुपये की जमा पूंजी निवेश कराने के नाम पर रिश्तेदारों ने हड़प लिया। जेएमआईसी अमित अहलावत की अदालत के आदेश पर न्यू कॉलोनी थाना पुलिस ने दो भाइयों सहित अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 64 वर्षीय सूक्ष्म लता ने अदालत में याचिका दायर कर बताया कि वह वर्ष 2017 में एक स्कूल से शिक्षिका के पद से सेवानिवृत्त हुई थीं। उनके पति भी इंश्योरेंस कंपनी से रिटायर हैं। रिटायरमेंट के बाद मिली रकम के बारे में उनके पति के मामा के बच्चों अमित पाल और पंकज पाल को पता चला तो उन्होंने दंपत्ति से संपर्क किया। दोनों ने खुद को रियल एस्टेट कारोबार से जुड़ा बताते हुए उनकी रकम एक बिल्डर प्रोजेक्ट में निवेश कराने और अच्छा मुनाफा दिलाने का भरोसा दिया। आरोप है कि दोनों ने दंपत्ति का परिचय दिल्ली निवासी राजेश सर्राफ और उनकी पत्नी शिवानी सर्राफ से कराया। उन्हें बताया गया कि राजेश सर्राफ रङ्गढ़ढहरू रुङ्ठ्ठस्र के निदेशक हैं और सुपरटेक के एक प्रोजेक्ट में पार्टनर होने के साथ फ्लैट बेचने के लिए अधिकृत हैं। रिश्तेदारी और भरोसे के चलते दंपत्ति ने 13 किश्तों में कुल 70 लाख 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। शिकायतकर्ता के अनुसार, रकम अमित और पंकज के बैंक खातों के अलावा उनके बताए अन्य खातों में भी ट्रांसफर की गई। लेकिन पैसे देने के बाद न तो कोई रसीद दी गई और न ही प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। निवेश के कागजात मांगने पर आरोपी कथित तौर पर टालमटोल करते रहे। इसके बाद दंपत्ति को अपने साथ धोखाधड़ी होने का अहसास हुआ और उन्होंने वर्ष 2022 में पुलिस को शिकायत दी। पुलिस से कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने अदालत में याचिका दायर की। अदालत के आदेश पर न्यू कॉलोनी थाना पुलिस ने आईपीसी की धारा 420 और 120बी के तहत केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी के अनुसार, मामले को जांच के लिए आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में भेज दिया गया है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

द्वारका एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार ट्राले ने तीन गाड़ियों को मारी टक्कर, कार नाले में गिरी

-कार चालक घायल, ट्राला चालक फरार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। द्वारका एक्सप्रेसवे पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार ट्राले ने जमकर कहर बरपाया। मानेसर की तरफ से दिल्ली जा रहे एक लोडेड ट्राले ने तीन गाडय़िों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक कार एक्सप्रेसवे की दोनों सडक़ों के बीच बनी ग्रीन बेल्ट और ड्रेन में जा गिरी, जबकि दो कैब बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में कार चालक घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा द्वारका एक्सप्रेसवे पर एवीएल-36 सोसाइटी के नजदीक हुआ। एक लोडेड ट्राला मानेसर की ओर से दिल्ली के द्वारका की तरफ जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्राले ने रास्ते में तीन वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही एक कार अनियंत्रित होकर दोनों तरफ की सडक़ों के बीच बने नाले में जा गिरी। वहीं, दो कैब भी टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही सेक्टर-37 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने केरन की मदद से नाले में गिरी कार और ट्राले को बाहर निकलवाया। हादसे में घायल कार चालक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सेक्टर-37 थाना प्रभारी के अनुसार, मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद फरार हुए ट्राला चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

कंपनी से कॉपर चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

-बिनौला स्थित कंपनी में काम करते थे दो आरोपी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के बिनौला स्थित एक कंपनी से कॉपर चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया 14 किलोग्राम कॉपर बरामद किया है। आरोपियों में दो कंपनी में कर्मचारी थे, जबकि तीसरे ने कंपनी से कचरा और कबाड़ उठाने का ठेका लिया हुआ था।पुलिस के अनुसार, 18 नवंबर को कंपनी से कॉपर चोरी हुआ था। इस संबंध में 19 नवंबर को थाना बिलासपुर में शिकायत दी गई, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। बिलासपुर क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए 20 नवंबर को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान विधान मातबड़, पुलिन उरांव और गौतम दास के रूप में हुई है। विधान और पुलिन को बिनौला फ्लाईओवर के पास से, जबकि गौतम दास को आईएमटी मानेसर चौक से पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि पुलिन उरांव और विधान मातबड़ कंपनी में काम करते थे। दोनों कंपनी से कॉपर चोरी करके कबाड़ ठेकेदार गौतम दास की गाड़ी में डाल देते थे। इस तरह तीनों मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 किलोग्राम कॉपर बरामद किया है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

पंचकूला में नर्सिंग ऑफिसर्स के सस्पेंशन के विरोध में 23 नवंबर को हरियाणा के सभी अस्पतालों में हड़ताल

-सेक्टर-10 अस्पताल में हड़ताल की सूचना का आधिकारिक पत्र सौंपा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। पंचकूला में बेकसूर नर्सिंग ऑफिसर्स को सस्पेंड करने के विरोध में नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने बड़ा फैसला लिया है। एसोसिएशन ने 23 नवंबर को पूरे हरियाणा में हड़ताल का निर्णय लिया है। इसकी आधिकारिक सूचना देने के लिए शुक्रवार को सेक्टर-10 अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर्स ने उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज यादव को पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि नर्सिंग ऑफिसर्स अस्पतालों सभी प्रकार की सेवाएं बंद रखेंगीं।

उप-चिकित्सा अधीक्षक को पत्र सौंपते हुए नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि पंचकूला में एक मरीज की मौत के मामले में नर्सिंग ऑफिसर्स को बेवजह से घसीटा गया है। हकीकत यह है कि वह मरीज नर्सिंग ऑफिसर्स के पास पहुंचा ही नहीं था। इस मामले में जिन पांच नर्सिंग ऑफिसर्स, एक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व एक वार्ड अटेंडेंट को सस्पेंड किया गया है, वे पूरी तरह बेकसूर हैं। उन्हें बिना निष्पक्ष जांच के, बिना पक्ष सुने सस्पेंड कर दिया गया, जो सरासर अन्याय है। अगर सरकार और प्रशासन ने समय रहते इस फैसले को वापस नहीं लिया तो आंदोलन और तेज होगा। नर्सिंग ऑफिसर्स ने बताया कि बेकसूर साथियों के सस्पेंशन ने पूरे प्रदेश के नर्सिंग स्टाफ में भारी रोष पैदा कर दिया है। इसी रोष के चलते 23 नवंबर को प्रदेशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया है। उनकी मांग है कि पंचकूला में सस्पेंड किए गए सभी नर्सिंग ऑफिसर्स को तत्काल बहाल किया जाए और उन्हें सम्मान सहित ड्यूटी पर वापस लिया जाए। किसी भी नर्सिंग ऑफिसर के खिलाफ कार्रवाई से पहले निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो। एकतरफा कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

पंचकूला घटना को लेकर नर्सिंग ऑफिसर्स ने चेतावनी दी कि 23 नवंबर को होने वाली हड़ताल में प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल, मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य केंद्रों, सभी एसडीएच, सीएचसी, पीएचसी में नर्सिंग कैडर (रेगुलर, कॉन्ट्रेक्ट व एनएचएम) की तीनों शिफ्ट में दिन-रात हड़ताल पर रहेंगें। नर्सिंग सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित रहेंगी। अगर फिर भी सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने पर भी विचार किया जाएगा। सेक्टर-10 अस्पताल में पत्र सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में नर्सिंग ऑफिसर्स मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे मरीज सेवा से पीछे नहीं हटना चाहते, लेकिन अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना भी उनका अधिकार है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि इस मामले में जल्द हस्तक्षेप कर बेकसूर नर्सिंग ऑफिसर्स को न्याय दिलाया जाए, ताकि हड़ताल की नौबत न आए और मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

गुरुग्राम के जिला नागरिक अस्पताल में अमृत फार्मेसी का शुभारंभ, मरीजों को 50% तक कम कीमत पर मिलेंगी दवाइयां : विधायक मुकेश शर्मा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा जी ने आज लघु सचिवालय, गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला नागरिक अस्पताल, सेक्टर-10 में अमृत फार्मेसी का विधिवत शुभारंभ किया। गौरतलब है कि आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने यमुनानगर से वर्चुअल माध्यम द्वारा प्रदेश के 16 जिला अस्पतालों में अमृत फार्मेसी की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में शुरू की गई यह पहल आमजन को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कदम है। अमृत फार्मेसी के माध्यम से कैंसर, मधुमेह सहित अन्य गंभीर बीमारियों की दवाइयां बाजार मूल्य से 50 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध होंगी। इससे विशेष रूप से गरीब, मध्यमवर्गीय एवं जरूरतमंद परिवारों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि कई बार गंभीर बीमारियों के इलाज में दवाइयों का खर्च परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। ऐसे में अमृत फार्मेसी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण दवाइयां किफायती दरों पर उपलब्ध होना मरीजों और उनके परिजनों के लिए राहतकारी साबित होगा। सरकार का उद्देश्य है कि आर्थिक स्थिति किसी भी व्यक्ति के बेहतर इलाज में बाधा न बने।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी एवं स्वास्थ्य मंत्री बहन आरती सिंह राव जी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही इस पहल का मूल उद्देश्य है।

उन्होंने इस जनहितकारी पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी एवं स्वास्थ्य मंत्री बहन आरती सिंह राव जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत फार्मेसी से गुरुग्राम के नागरिकों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में गुरुग्राम नगर निगम की मेयर श्रीमती राजरानी मल्होत्रा जी सहित जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

हरियाणा पवेलियन में चौपाल पर हुई चर्चा, नीलम और अनुषा ने सुनाई प्रेरणादायक कहानियां

हरियाणा ट्रेड फेयर अथॉरिटी की मुख्य प्रशासक ए. मोना श्रीनिवास ने शुरू की चौपाल पर चर्चा की पहल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में बने हरियाणा पवेलियन में शुक्रवार को एक नई शुरुआत की गई। यहां पवेलियन में हरियाणवी चौपाल पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह शुरुआत हरियाणा ट्रेड फेयर अथॉरिटी, नई दिल्ली की मुख्य प्रशासक ए. मोना श्रीनिवास ने की। उन्होंने हरियाणा पवेलियन में दो महिलाओं नीलम यादव व अनुषा मंत्री से चौपाल पर चर्चा की, जिनकी कहानियां हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। कैसे दोनों महिलाओं ने मेहनत और लगन के साथ अपना व्यवसाय खड़ा किया।

नीलम ने कैंसर जैसी बीमारी के बाद भी खड़ा किया उद्यम

हरियाणा के जिला गुरुग्राम के गांव ढाणी चिटर सैन, भोड़ा कलां की नीलम यादव ने बीमारी और आर्थिक तंगी के बीच हिम्मत न हारकर आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल कायम की है। उन्होंने न केवल खुद को स्वरोजगार से जोड़ा, बल्कि लगभग 800 से 900 ग्रामीण महिलाओं को भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा। उन्होंने बताया कि शादी के बाद उनके पति की आँखों की रोशनी कम होने से परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई, तो नीलम ने गाँव में छोटी-सी दुकान खोली। इसी दौरान उन्हें टीबी हो गया और लगभग तीन वर्षों तक इलाज चला। वर्ष 2017 में स्वयं सहायता समूह से जुड़कर नीलम ने गाँव-गाँव जाकर महिलाओं को प्रेरित किया और नए समूहों के गठन में अहम भूमिका निभाई। इससे उन्हें हर 15 दिन में लगभग ₹9,000 की आय होने लगी। कृषि विज्ञान केंद्र से निःशुल्क प्रशिक्षण लेकर उन्होंने अचार, पापड़ और मसाले बनाना सीखा। वर्ष 2021 में कैंसर का पता चलने पर भी उन्होंने हौसला नहीं छोड़ा। इलाज के दौरान डॉक्टरों की जैविक व पौष्टिक भोजन की सलाह ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। आज वे बिना कृत्रिम प्रिजर्वेटिव के बाजरे का आटा, बाजरे की खिचड़ी, अचार, मसाले और अन्य पारंपरिक उत्पाद तैयार करती हैं, जिन्हें वे विभिन्न व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में प्रदर्शित करती हैं। महिला सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र में योगदान के लिए नीलम को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सहायता समूह का सम्मान और सर्वश्रेष्ठ किसान पुरस्कार मिल चुका है। नीलम का सपना है कि अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनें। वे कहती हैं, "हार परिस्थितियों से नहीं होती, हार तब होती है जब इंसान प्रयास करना छोड़ देता है। और मैंने कभी प्रयास करना नहीं छोड़ा।"

कोविड में खड़ा किया खुद का ब्रांड: गुरुग्राम की रहने वाली अनुषा मंत्री ने बताया कि कोविड में जब लोग जीने के लिए संघर्ष कर रहे थे तो उसने एक छोटी सी शुरुआत की और सुनहरा गोटा के नाम से शुरुआत की। उन्होंने बताया कि कोविड के कठिन दौर में सिर्फ़ एक फ़ोन कॉल से शुरू हुआ यह प्रयास आज 20 से अधिक परिवारों की आजीविका का आधार बन चुका है। ब्रांड की शुरुआत दुपट्टों से हुई, जिन्हें हैंडीक्राफ्ट श्रेणी में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उतारा गया। उन दिनों भी उम्मीद से बेहतर प्रतिक्रिया मिली। दो वर्ष बाद पहली बार रिटेल में उतरने का अवसर मिला, जहाँ शो पूरी तरह सोल्ड आउट रहा। इससे ग्राहकों की भरपूर माँग और बहुमूल्य फ़ीडबैक मिला। रिटेल उद्योग में 20 से अधिक वर्षों के अनुभव के बाद उन्होंने पूरी तरह गोटा पट्टी कारीगरों के साथ काम करने का निर्णय लिया। ब्रांड ने दो वर्षों की तैयारी के बाद अपना साइज़ चार्ट तैयार किया और एक छोटी सिलाई यूनिट स्थापित की।

डीएलएसए गुरुग्राम द्वारा बाल दिवस पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष पखवाड़े का आयोजन

12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति अवेयरनेस करने पर विशेष ध्यान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की डीएडब्ल्यूएन (ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) स्कीम, 2025 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), गुरुग्राम द्वारा 14 से 27 नवंबर 2026 तक विशेष पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए के अध्यक्ष नरेन्द्र सुरा के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डीएलएसए की सचिव निशा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के तहत बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और उन्हें उचित सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

बाल दिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान में विशेष रूप से 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति अवेयरनेस करने पर ध्यान दिया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा जरूरतमंद बच्चों को समय पर उचित सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत डीएलएसए गुरुग्राम द्वारा विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा सामुदायिक क्षेत्रों में बच्चों की आयु के अनुरूप विधिक अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को नशे से दूर रहने, नशे के शुरुआती संकेतों की पहचान करने तथा आवश्यकता पड़ने पर बिना किसी भय या संकोच के सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अभिभावकों, शिक्षकों एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) को भी जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे बच्चों में नशे से जुड़ी समस्याओं के शुरुआती संकेतों को पहचान सकें और जरूरत पड़ने पर उन्हें उचित परामर्श, सहायता एवं उपचार उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विशेषज्ञों और संस्थानों से जोड़ सकें। इस पूरी प्रक्रिया में बच्चों की पहचान और व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखने का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, विद्यालय न जाने वाले बच्चों तक पहुंच बनाकर उन्हें भी अवेयरनेस एवं सहायता सेवाओं से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नशे की समस्या से प्रभावित बच्चों और परिवारों के प्रति समाज में संवेदनशीलता बढ़ाने तथा उन्हें बिना किसी भेदभाव के सहयोग और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

डीएलएसए द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए काउंसलिंग, विधिक सहायता, उपचार एवं पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि बच्चों को निरंतर सहयोग मिल सके और उनकी शिक्षा एवं सामाजिक पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए नशा मुक्त भारत अभियान तथा डीएडब्ल्यूएन स्कीम से संबंधित अवेयरनेस वीडियो, संदेश एवं 'तुम मत गिरना' शीर्षक से जारी अभियान गीत का भी विभिन्न माध्यमों से प्रचार किया जा रहा है।

डीएलएसए गुरुग्राम ने आमजन, अभिभावकों, शिक्षकों एवं सामाजिक संगठनों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है, ताकि बच्चों को नशामुक्त, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में सभी अपना योगदान दे सकें। विधिक सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की टोल-फ्री हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में अमृत फार्मेसी का विधायक मुकेश शर्मा ने किया उद्घाटन, कार्यक्रम में मेयर राजरानी मल्होत्रा भी रही मौजूद

अमृत फार्मेसी आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल : मुकेश शर्मा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सेक्टर-10 स्थित जिला नागरिक अस्पताल में अमृत फार्मेसी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा तथा हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के चेयरमैन रामअवतार गर्ग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में यमुनानगर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत के संबोधन को लाइव देखा और सुना गया। कार्यक्रम में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के 16 जिला नागरिक अस्पतालों में स्थापित अमृत फार्मेसी का उद्घाटन किया। विधायक मुकेश शर्मा ने अमृत फार्मेसी का उद्घाटन करने उपरांत कहा कि अमृत फार्मेसी की शुरुआत आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकारी अस्पतालों में उपचार करवाने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को अक्सर बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं, जिससे उनके उपचार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। अमृत फार्मेसी के माध्यम से मरीजों को उचित दरों पर दवाइयां उपलब्ध होंगी और उन्हें राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और जनहितकारी बनाना सरकार की प्राथमिकता है। नागरिक अस्पतालों में इस प्रकार की सुविधाओं का विस्तार होने से आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फार्मेसी का लाभ अधिक से अधिक मरीजों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : मेयर राजरानी मल्होत्रा

इस अवसर पर मेयर राजरानी मल्होत्रा ने कहा कि अमृत फार्मेसी की शुरुआत स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन के लिए अधिक किफायती और सुलभ बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक नागरिक की आवश्यकता हैं और सरकार की ऐसी जनकल्याणकारी पहल से आम लोगों का सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर भरोसा और मजबूत होगा। कार्यक्रम में एडीसी सोनू भट्ट, सीएमओ डॉ वीरेंद्र बसवाना, नागरिक अस्पताल सेक्टर 10 से पीएमओ डॉ नीना गठवाल, डिप्टी सीएमओ डॉ अनुज गर्ग, डॉ मनीष, डॉ हिमानी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा नेता अरुण यादव के समर्पण और कार्यशैली से पार्टी को मिल रही नई मजबूती : सुरेश यादव

समर्पण, सक्रियता और संगठनात्मक दक्षता भाजपा नेता अरुण यादव की पहचान : सुरेश यादव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने भाजपा सोशल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय सह-संयोजक अरुण यादव के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा के प्रतिभावान नेता अरुण यादव अपनी प्रतिभा, कार्यक्षमता और संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण की भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी को निरंतर मजबूत करने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उनकी सक्रियता, सकारात्मक सोच और संगठनात्मक दक्षता पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सुरेश यादव ने कहा कि भाजपा नेता अरुण यादव पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। संगठन के प्रति उनका समर्पण और सक्रियता निश्चित रूप से सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सोशल मीडिया विभाग आज पार्टी की नीतियों, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन चुका है।सुरेश यादव ने कहा कि भाजपा नेता अरुण यादव इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, सक्रियता और संगठनात्मक समझ के साथ निभा रहे हैं। सुरेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों, विकास योजनाओं और जनहितकारी निर्णयों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने में सोशल मीडिया विभाग की अहम भूमिका है। भाजपा नेता अरुण यादव जैसे समर्पित और कुशल पदाधिकारी इस अभियान को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि अरुण यादव की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सकारात्मक सोच, मिलनसार कार्यशैली, संगठन के प्रति जवाबदेही और प्रत्येक जिम्मेदारी को पूरी मेहनत से निभाने की भावना है। उनमें कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने, संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और पार्टी की बात को प्रभावी एवं तथ्यपरक ढंग से प्रस्तुत करने की अपूर्व क्षमता है। वर्तमान डिजिटल युग में संगठन को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और नई पीढ़ी को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने के लिए ऐसी कार्यशैली बेहद आवश्यक है। सुरेश यादव ने कहा कि भाजपा नेता अरुण यादव ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह से शिष्टाचार भेंट कर अपनी सक्रियता और सकारात्मक कार्यशैली का परिचय दिया। यह भेंट उनके व्यापक संपर्कों और सामाजिक-संगठनात्मक सक्रियता को दर्शाती है। सुरेश यादव ने कहा कि अरुण यादव भविष्य में भी अपनी प्रतिभा, मेहनत और संगठन के प्रति निष्ठा से भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

अल आफिया नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में 'अमृत फार्मेसी" का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद, एडीसी ज्योति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रहे कार्यक्रम में मौजूद

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। अल आफिया नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में स्थापित 'अमृत फार्मेसी' का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर लघु सचिवालय, नूंह के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद, अतिरिक्त उपायुक्त ज्योति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। इस फार्मेसी की स्थापना पर लगभग 8 लाख रुपये की लागत आई है। कार्यक्रम में यमुनानगर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत के संबोधन को लाइव देखा और सुना गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 16 जिला नागरिक अस्पतालों में स्थापित अमृत फार्मेसी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव भी मौजूद रहीं। जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद ने कहा कि अमृत फार्मेसी की शुरुआत आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। सरकारी अस्पतालों में उपचार करवाने आने वाले मरीजों को कई बार बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं, जिससे उनके उपचार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। अमृत फार्मेसी के माध्यम से मरीजों को उचित दरों पर दवाइयां उपलब्ध होंगी और उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार तथा मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : एडीसी ज्योति

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ज्योति ने कहा कि अमृत फार्मेसी की शुरुआत स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन के लिए अधिक किफायती और सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी बेहद जरूरी है। अमृत फार्मेसी के माध्यम से मरीजों को उचित दरों पर दवाइयां उपलब्ध होंगी, जिससे उनके उपचार पर होने वाले खर्च को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना भी सुनिश्चित करें। इसके लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाए, ताकि आमजन को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. ज्योत्स्ना, उप सिविल सर्जन डॉ. आशीष सिंगला, डॉ. रजनीकांत सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, अस्पताल स्टाफ एवं आशा वर्कर मौजूद रहीं।

राजा भरत के मृग मोह से मिली वैराग्य की सीख: आचार्य अमरेन्द्र दास

ओपन सर्च / नरेश शर्मा



गुरुग्राम। कामधेनु धाम गौशाला, कार्टरपुरी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी पण्डित अमर चन्द भारद्वाज ने बताया कि आज चतुर्थ दिवस की कथा में कथा व्यास आचार्य अमरेन्द्र दास ने कथा में भक्तों को सुनाया राजा भरत ने अपना विशाल साम्राज्य, राजपाट और समस्त सुख-सुविधाएँ त्यागकर भगवान की भक्ति एवं तपस्या के लिए पुलहाश्रम में निवास किया। वे प्रतिदिन भगवान शालग्राम की पूजा और ध्यान में लीन रहते थे। एक दिन दया भाव से उन्होंने नदी में बहते हुए हिरण के एक अनाथ शावक की रक्षा की। धीरे-धीरे उनका मन भगवान के ध्यान से हटकर उस हिरण के मोह में बँध गया। राजा भरत का यह पतन इस प्रसिद्ध कहावत को चरितार्थ करता है:

"आए थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास।"

कहावत का कथा के संदर्भ में भावार्थ:

राजा भरत ने ईश्वर की प्राप्ति और आत्म-कल्याण जैसे सर्वोच्च लक्ष्य के लिए अपनी राज-लक्ष्मी और हस्तिनापुर के वैभव को लात मार दी थी। वे वन में केवल 'हरि भजन' (भगवान के ध्यान) के लिए आए थे। परंतु, एक छोटे से हिरण के बच्चे के प्रति उत्पन्न हुए अत्यधिक मोह के कारण वे अपने मूल उद्देश्य को भूल गए और दिन-रात उसी की चिंता में समय व्यर्थ करने लगे। उनका यह भटकाव ठीक वैसा ही था, जैसे कोई व्यक्ति बहुमूल्य हीरा छोड़कर 'कपास ओटने' (रुई साफ करने जैसे तुच्छ सांसारिक कार्य) में अपनी पूरी ऊर्जा नष्ट कर दे। परिणामस्वरूप, अंत समय में उसी हिरण का स्मरण करते हुए उन्होंने शरीर त्यागा और अगले जन्म में मृग योनि प्राप्त की। पूर्व जन्म की स्मृति होने के कारण मृग योनि में भी उन्हें अपने मोह का पश्चाताप रहा। इसके बाद उन्होंने एक ब्राह्मण कुल में जन्म लिया और संसार के मोह से बचने के लिए जड़, गूँगे और मूर्ख के समान व्यवहार करने लगे। इसी कारण वे जड़भरत कहलाए।

इस प्रसंग से हमें शिक्षा मिलती है कि भगवान की भक्ति के मार्ग में अत्यधिक सांसारिक मोह और आसक्ति साधना में बाधक बन सकते हैं। जब राजा भरत जैसे महान तपस्वी का मन भटक सकता है, तो साधारण मनुष्य की क्या बिसात? इसलिए मनुष्य को जीवन के अंतिम लक्ष्य (ईश्वर प्राप्ति) को कभी नहीं भूलना चाहिए और सदैव भगवान का स्मरण करते हुए निष्काम भाव से जीवन व्यतीत करना चाहिए। दूसरी व्यासपीठ से विदुषी बेला पारिक दीदी ने भगवान श्रीकृष्ण की गोचारण लीला एवं गोवर्धन धारण प्रसंग के माध्यम से गौ माता की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का गौ माता के प्रति अगाध प्रेम था। गौ माता सनातन संस्कृति की आधारशिला हैं और गौ सेवा करुणा, धर्म एवं मानवता का प्रतीक है।

उनके भावपूर्ण प्रवचनों से श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर हो गए। कार्यक्रम के मीडिया प्रमुख अमर चन्द भारद्वाज ने बताया कि कामधेनु धाम गौशाला में देश की सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना के लिए प्रतिदिन प्रात: 10 से 11 बजे तक 108 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

सीएम घोषणाओं एवं विभिन्न शिकायतों का प्राथमिकता से करें समाधान : एडीसी ज्योति

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। अतिरिक्त उपायुक्त ज्योति की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीएम घोषणाओं, सीएम विंडो एवं एसएसजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निवारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों एवं मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। एडीसी ज्योति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो एवं एसएसजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निर्धारित समयावधि में समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निवारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार उचित कार्रवाई करते हुए उसकी अनुपालन रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनसे जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं।

जिन घोषणाओं से संबंधित कार्य लंबित हैं, उनमें आ रही बाधाओं को दूर करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा लंबित मामलों की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए। एडीसी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसलिए सभी अधिकारी जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहें और यह सुनिश्चित करें कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त शशि वसुंधरा, नगराधीश अप्रितम सिंह, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रदीप, एलडीएम पंकज सागर फलदू सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

जिला युवा महोत्सव-2026 का उत्साह एवं उमंग के साथ समापन, विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत, विजेताओं को वितरित किए पुरस्कार

ओपन सर्च/आस मोहम्मद





नूंह। युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा तथा जिला प्रशासन नूंह के संयुक्त तत्वावधान में शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय, सालाहेड़ी में आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव-2026 का शुक्रवार को उत्साह एवं उमंग के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद तथा भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद ने कहा कि मेवात के बच्चे आज हर मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। हमारे क्षेत्र के युवाओं ने शिक्षा, कला, संस्कृति, खेल एवं संगीत सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के दम पर पहचान बनाई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मेवात के सलमान ने संगीत की दुनिया में जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार क्षेत्र से कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी निकले हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि आज उन्हें गर्व है कि जिला युवा महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर मिला है। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने महोत्सव में भाग लेने वाले सभी बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रतिभागी ने उत्साह और मेहनत के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने शिक्षकों की भी प्रशंसा की और कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा को पहचानें, निरंतर मेहनत करें और जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने का प्रयास करें। हार और जीत प्रतियोगिता का हिस्सा हैं, लेकिन इसमें भाग लेना और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना भी अपने आप में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। दो दिवसीय महोत्सव के दौरान जिले के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने नुक्कड़ नाटक, समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, चित्रकला एवं कविता के माध्यम से अपनी कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।

पीएम श्री विद्यालयों की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता उत्साह एवं खेल भावना के साथ संपन्न

जिले के 14 पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लिया भाग, विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से जिला परियोजना समन्वयक योगेश चंद्र के मार्गदर्शन में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मालब में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 14 पीएम श्री विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मनबीर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान अरशद ने किया। वहीं, समापन समारोह में जिला परियोजना समन्वयक योगेश चंद्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सहायक परियोजना समन्वयक सतीश कुमार ने प्रतियोगिता स्थल का निरीक्षण कर आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रतियोगिता के दौरान कुल आठ खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक तथा 4×100 मीटर रिले दौड़ शामिल रहीं। इन स्पर्धाओं में कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 तक के बालक एवं बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, जोश एवं खेल भावना के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश पांडेय ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भागीदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में निरंतर आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य प्रतिभागियों को भी मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने में परवेज हुसैन, अमित कुमार, हीरालाल, कय्यूम, जोगिंदर सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश पांडेय ने सभी अतिथियों, आयोजकों, निर्णायकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण एवं खेल भावना के संदेश के साथ हुआ।

अलग-अलग मामलों में तीन साइबर ठग गिरफ्तार, फर्जी सिम और मोबाइल फोन बरामद

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। जिला पुलिस की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग दो मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन और फर्जी सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से साड़ी व फर्नीचर बेचने का झांसा देकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी करते थे, जबकि एक अन्य आरोपी साइबर ठगी करने वालों को फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध करवाता था। पुलिस के अनुसार 19 को पुलिस टीम जमालगढ़ रोड, लुहिंगा कलां मोड़, पुन्हाना के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि लहरवाड़ी गांव निवासी हसीन पुत्र सिराजुद्दीन और शेम खां पुत्र इरफान फर्जी मोबाइल फोन व सिम कार्ड के जरिए लोगों को साड़ी और फर्नीचर बेचने का झांसा देकर साइबर ठगी करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जमालगढ़ रोड के निकट दबिश देकर दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान शेम खां के कब्जे से लावा कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। फोन की जांच करने पर उसमें होम डेकॉर फर्नीचर नाम से प्रोफाइल और फर्नीचर बेचने से संबंधित फोटो व वीडियो मिले। इसके अलावा फेसबुक पर आरोही अग्रवाल नाम से आईडी भी मिली। इनके एक आरोपी से मोबाइल फोन बरामद हुआ। जांच में उसके फोन में इंस्टाग्राम पर रुक्मिणी सिल्क नाम से अकाउंट और व्हाट्सएप पर इसी नाम से प्रोफाइल मिली। फोन में महिलाओं द्वारा साड़ी पहनकर प्रचार करने वाले वीडियो, फोटो और लोगों के साथ साड़ी बेचने के नाम पर हुई संदिग्ध चैट भी मिली। दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन में लगी सिम कार्ड की जांच करने पर वे अन्य व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत पाई गईं। दूसरे मामले में पुलिस टीम अडबर चौक के पास गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि महूं गांव निवासी एक नाबालिग साइबर ठगी करने वाले लोगों को फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध करवाता है और मरोड़ा आईटीआई के पास साधन के इंतजार में खड़ा है।

मॉडल संस्कृति स्कूल में हुई महिला खेलकूद प्रतियोगिता, विजेताओं को मिला सम्मान

ओपन सर्च / नरेश शर्मा



फर्रूखनगर। आज दिनांक 20/11/2026 को मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल फर्रूखनगर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में करीब 400 महिलाओं और युवतियो ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने दौड़ ,साइकिल रेस ,डिस्कस थ्रो और म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई ।कार्यक्रम में सीडीपीओ श्रीमती प्रवीन लता एवं प्रिंसिपल श्रीमती गीतिका शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रही ।अधिकारी का फूलों की माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती प्रवीन लता महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि खेलों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए ।आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और खेलों के माध्यम से देश का नाम रोशन कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है ।प्रतियोगिताओं की 400 मीटर दौड़ में गांव जुडोला की धीमी ने पहला ,शेखूपुर माजरी की सोनू कुमारी ने दूसरा और अलीमुद्दीनपुर की पूजा ने तीसरा स्थान हासिल किया ।300 मीटर दौड़ में जुडोला की ऋतु ने पहला , झुंड सराय की एकता ने दूसरा और हरी नगर डूमा की ज्योति ने तीसरा स्थान हासिल किया। 100 मीटर दौड़ में बासहरिया की ऋतु रानी ने पहला, मुबारकपुर की कविता ने दूसरा और जुडोला की सरिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। 5 किलोमीटर साइकिल दौड़ में जड़ौला की तनीषा ने पहला, मुशैदपूर की पिंकी रानी ने दूसरा और मुबारकपुर की मीनाक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। म्यूजिकल चेयर में जुडोला की हरकेश ने प्रथम, खरकड़ी की मोनिका ने दूसरा और मुबारकपुर की पूजा रानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो में ताज नगर की अंजना ने प्रथम, मुबारकपुर की सरोज ने दूसरा और फरुखनगर की पिंकी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर सुपरवाइजर रेखा ,मोनिका कुमारी ,सरोज सुषमा यादव ,लक्ष्मी, लिपिक सतबीर यादव जी उपस्थित रहे ।प्रथम स्थान पर रहने वाली प्रतिभागी को ₹2100 द्वितीय को ₹1100 और तृतीय स्थान पाने वाली प्रतिभागी को ₹750 दिए गए।

अब 15 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकेंगे पात्र मतदाता, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 दिसंबर को

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत दावे एवं आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दिया है। साथ ही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 22 दिसंबर 2026 को होगा। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि की श्रेणी में रखे गए तथा गणना प्रपत्र वापस प्राप्त न होने के कारण प्रारूप मतदाता सूची से बाहर रह गए मतदाता दोबारा अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जमा करवाएं। डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि अब प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियों का निपटारा 15 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा, जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 22 दिसंबर 2026 को होगा। एसआईआर के दौरान प्रारूप मतदाता सूची से बाहर रहे मतदाताओं की मतदान केन्द्रवार सूची संबंधित मतदान केंद्रों के नोटिस बोर्ड, पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी और शहरी स्थानीय निकाय अधिकारियों के कार्यालयों में प्रदर्शित की गई है। इसके अतिरिक्त, ये सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट पर पीडीएफ प्रारूप में भी उपलब्ध करवाई गई हैं। इनमें मतदाता का नाम प्रारूप सूची में शामिल न होने के संभावित कारणों का भी उल्लेख है। उन्होंने बताया कि संबंधित मतदाता अपने वर्तमान सामान्य निवास स्थान के क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) अथवा सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (एईआरओ) के पास विधिवत भरा हुआ गणना प्रपत्र जमा करवा सकते हैं। इसके अलावा पुराने मतदाता पहचान पत्र नंबर के माध्यम से निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा ईसीआईनेट ऐप से भी गणना प्रपत्र डाउनलोड कर उसे भरने की सुविधा उपलब्ध है।

निवास स्थान नहीं बदलने वाले मतदाताओं के लिए यह है प्रक्रिया

डीसी ने बताया कि यदि संबंधित मतदाता अपने पुराने निवास स्थान पर ही रह रहा है और पहले गणना प्रपत्र जमा नहीं करवा पाया था, तो वह भरा हुआ एवं हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र तथा निर्धारित घोषणा पत्र (अनुलग्नक-बी) जमा करवा सकता है।

शिक्षा के साथ संस्कार ही बनाते हैं व्यक्ति को महान : स्वामी सच्चिदानंद

ओपन सर्च / मनदीप कुमार



पानीपत। वैदिक परिवार की ओर से आर्य बाल भारती विद्यालय एवं राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में संस्कार शाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्य बाल भारती विद्यालय में विश्व बाल दिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता स्वामी सच्चिदानंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का होना बेहद जरूरी है। संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है। व्यक्ति की महानता उसके धन, संपत्ति या पद से नहीं, बल्कि उसके नैतिक मूल्यों, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा से तय होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस बनने का लक्ष्य रखना अच्छी बात है, लेकिन इन पदों को समाज और राष्ट्र की सेवा का माध्यम समझना चाहिए। विद्यार्थियों को अनुशासित दिनचर्या अपनाने, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने और सात्विक भोजन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को योग्य बनाती है, जबकि संस्कार उसे महान बनाते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने जिला नागरिक अस्पताल में अमृत फार्मेसी केंद्र का किया उद्घाटन

प्रदेश के 16 जिला नागरिक अस्पतालों में एक साथ खुले अमृत फार्मेसी केंद्र

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने शुक्रवार को जिला नागरिक अस्पताल में अमृत फार्मेसी केंद्र का उद्घाटन किया। इससे पहले उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि अमृत फार्मेसी आमजन, विशेषकर गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। कैंसर, हृदय रोग, किडनी सहित अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार में इस्तेमाल होने वाली ब्रांडेड दवाइयां और सर्जिकल उपकरण अक्सर काफी महंगे होते हैं, जिसके कारण आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अमृत फार्मेसी की शुरुआत की है। जिसके माध्यम से अस्पताल परिसर में ही उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां, इम्प्लांट्स और सर्जिकल उपकरण एमआरपी से 50 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार लगातार प्रयासरत है कि स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जाए जिससे आमजन का अच्छा इलाज मिले, सरलता से मिले और किफायती दरों पर मिले। उसी दिशा में अमृत फार्मेसी अपना अलग ही महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि आज करनाल सहित 16 जिलों में अमृत फार्मेसी स्टोर का उद्घाटन हुआ है, इससे पहले भी अन्य जिलों में अमृत फार्मेसी केंद्र खुल चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह स्टोर 24 घंटे खुला रहेगा यानी साल के 365 दिन हर रोज खुलेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल भी एक मंदिर के समान होता है जैसे मंदिर में आस्था करके सोचते हैं कि हमारी मनोकामना पूरी होगी उसी तरह अस्पताल में आए हुए रोगी को विश्वास होना चाहिए कि उसका रोग भी ठीक होगा और इलाज उसे अस्पताल में अच्छा मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, इन योजनाओं का आम व्यक्ति को और अधिक लाभ मिल सके इसके लिए हमें और जागरूकता लानी होगी तथा विशेष अभियान चलाने होंगे।इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 2026-27 के बजट भाषण में जिला अस्पतालों में अमृत फार्मेसी स्टोर खोलने का आदेश दिया था जोकि आज पूरा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 16 जिलों में अमृत स्टोर खोले गए हैं तथा शेष जिलों में भी जल्दी ही अमृत फार्मेसी स्टोर खोल दिए जाएंगे। इस अमृत फार्मेसी केंद्र से नागरिक बहुत कम कीमत पर स्थानीय स्तर पर अपनी दवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

सीएम घोषणाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समय पर काम न करने वाले अधिकारियों की होगी जिम्मेदारी तय : डॉ. आनंद कुमार शर्मा

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता



करनाल। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने आज जिला सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागवार समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों से पेंडिंग व इन-प्रोग्रेस घोषणाओं का ब्यौरा लिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 146 सीएम घोषणाएं हैं, जिनमें से 56 पेंडिंग हैं और 90 पर काम चल रहा है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य प्रगति पर हैं उन्हें जल्द पूरा किया जाए तथा लंबित घोषणाओं को लेकर जल्द कार्य शुरू किया जाए और हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो कार्य नहीं होने वाले हैं उन्हें नॉट फिजीबल करवाया जाए। विभागवार स्थिति इस प्रकार रही- पंचायत एवं विकास विभाग की 63 में से 16 लंबित तथा 47 प्रगति पर हैं, जन स्वास्थ्य विभाग की 19 में 11 लंबित, 8 प्रगति पर, स्वास्थ्य विभाग की 13 में से 4 लंबित तथा 9 प्रगति पर हैं। इसी प्रकार से सिंचाई विभाग की 10 में से 6 लंबित व 4 प्रगति पर, मौलिक शिक्षा विभाग की 6 में से 3 लंबित व 2 प्रगति पर, शहरी निकाय विभाग की 6 में से 4 लंबित व 2 प्रगति पर, खेल विभाग की सभी 5 लंबित, माध्यमिक शिक्षा विभाग की 5 में से 1 लंबित व 5 प्रगति पर, पशुपालन विभाग की 5 में से 1 प्रगति पर हैं। डीसी ने कहा कि पंचायत एवं विकास विभाग व लोक निर्माण विभाग में सबसे ज्यादा घोषणाएं लंबित हैं, इसलिए इन पर विशेष फोकस किया जाए। जिन घोषणाओं में जमीन, बजट या टेंडर की अड़चन है, उनका समाधान तुरंत कराया जाए और उपायुक्त कार्यालय की ओर से डीओ लेटर मुख्यालय भिजवाया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम घोषणाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय पर काम ना करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

सीएम विंडो व सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर पर प्राप्त शिकायतों का अधिकारी समयबद्ध करें निपटारा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण हो चुका है उनकी एटीआर समय पर पोर्टल पर अपलोड करें, साथ ही जो शिकायतें अंडरटेक हो चुकी हैं उनकी भी तथ्यों के साथ स्पष्ट एटीआर पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने पेंडिंग मामलों की फज़िबिलिटी चेक करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा आज यहां जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। इससे पहले गुरूग्राम से मानव संसाधन विभाग के आयुक्त एवं सचिव डी के बेहरा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के साथ बैठक कर समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की तथा उनके प्रभावी निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री के ओएसडी राकेश संधु को सुझाव दिया कि सीएम विंडो को लेकर मुख्यालय पर हर विभाग में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए, ताकि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया हैंडल्स व ट्रैकर पर आई शिकायतों को प्राथमिकता दें। इसके अलावा सभी विभागों के अधिकारी फेसबुक पेज भी बनाएं और इस पर अपने विभाग की गतिविधियों की जानकारी साझा करते रहें। बैठक में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से आकलन कर उसका उचित समाधान किया जाता है। शिकायतकर्ता को समाधान की प्रक्रिया में शामिल करते हुए उसकी संतुष्टि सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सर सोमवार और वीरवार को लघु सचिवालय में तथा सभी एसडीएम कार्यालयों में समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं, कोई भी नागरिक अपनी समस्या लेकर आ सकता है।

करनाल बार की बड़ी मांग पर जस्टिस अर्चना पुरी का सकारात्मक आश्वासन,

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



करनाल। यायाधीश श्रीमती जस्टिस अर्चना पुरी के करनाल आगमन पर जिला बार एसोसिएशन की ओर से बार रूम में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जस्टिस अर्चना पुरी करनाल के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ बार रूम पहुंचीं, जहां अधिवक्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दीपक सचदेवा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर जस्टिस अर्चना पुरी का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने न्यायपालिका के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय एवं मजबूत संबंधों की परंपरा को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। अधिवक्ताओं ने रखी दो महत्वपूर्ण मांगें स्वागत समारोह के दौरान अधिवक्ताओं की ओर से करनाल में एक अतिरिक्त फैमिली कोर्ट तथा धारा 138 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट यानी चेक बाउंस मामलों की सुनवाई के लिए एक अतिरिक्त विशेष कोर्ट स्थापित करने की मांग जस्टिस अर्चना पुरी के समक्ष रखी गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि इन मामलों की संख्या अधिक होने के चलते अतिरिक्त कोर्ट स्थापित होने से लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आएगी और पक्षकारों को जल्द न्याय मिल सकेगा। अधिवक्ताओं की मांग पर जस्टिस अर्चना पुरी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए दोनों कोर्टों को जल्द से जल्द स्थापित करवाने का आश्वासन दिया। उनके इस आश्वासन से अधिवक्ता समुदाय में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। अधिवक्ताओं ने कहा कि दोनों कोर्टों की स्थापना से न्यायिक कार्य अधिक सुचारू होंगे, लंबित मामलों का बोझ कम होगा और आम लोगों को समय पर न्याय मिलने में मदद मिलेगी। जस्टिस अर्चना पुरी के करनाल बार रूम पहुंचने से अधिवक्ताओं में उत्साह देखने को मिला। समारोह ने बार और बेंच के बीच संवाद, सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने का संदेश दिया।

गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करें सफाई कर्मचारियों को दिए निर्देश : अजीत कुमार



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

तरावड़ी। नगरपालिका सचिव अजीत कुमार ने आज नगरपालिका कार्यालय में कूड़ा संग्रहण करने वाली सभी गाड़ियों के चालकों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका द्वारा कूड़ा संग्रहण करने वाली गाड़ियों में गीले और सूखे कूड़े के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए गए हैं। इसलिए सभी कर्मचारी शहर के प्रत्येक क्षेत्र से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि घरों एवं दुकानों से कूड़ा उठाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि गीला कूड़ा निर्धारित स्थान पर और सूखा कूड़ा अलग ब्लॉक में ही डाला जाए, ताकि कूड़े का उचित निस्तारण किया जा सके। इस अवसर पर नगरपालिका सचिव अजीत कुमार ने नगरवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि शहर को साफ-सुथरा, स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी नागरिक अपने घरों और दुकानों से निकलने वाले गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करके ही कूड़ा गाड़ी में डालें तथा सफाई व्यवस्था बनाए रखने में नगरपालिका का सहयोग करें।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026-27 की तैयारियों में अभी से जुटें निकाय अधिकारी, सफाई व्यवस्था को लेकर जिला नगर आयुक्त ने की समीक्षा

सफाई कर्मचारियों की नियमित हाजिरी, 4 प्रकार के कचरा पृथक्करण व घरेलू खाद निर्माण पर दिया जोर

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। जिला नगर आयुक्त सलोनी शर्मा ने निगम कार्यालय के सभागार में जिले की नगर निगम एवं नगर पालिकाओं के अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में सफाई कर्मचारियों की हाजिरी, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण, ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026, स्वच्छ सर्वेक्षण, सफाई संसाधनों की उपलब्धता, मैकेनिकल रोड स्वीपिंग, सी एंड डी वेस्ट, बल्क वेस्ट जनरेटर्स, सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय, बेसहारा पशुओं तथा सफाई संबंधी शिकायतों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2026-27 की तैयारियां अभी से शुरू करें। जिला नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2026-27 को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दें, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर जिले की निकायों का प्रदर्शन बेहतर हो। सफाई कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जाए तथा बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली लागू की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी सफाई कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही न करे और सफाई कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए। खुले में कचरा ले जाने पर 5 हजार रुपये का चालान। उन्होंने सुगम स्वच्छता एजेंसी को निर्देश दिए गए कि कूड़ा-कचरा ले जाने वाले ट्रैक्टर-ट्राली व अन्य वाहनों को ढककर ही परिवहन किया जाए। खुले में कचरा ले जाते पाए जाने पर प्रति वाहन 5 हजार रुपये का चालान किया जाएगा। निर्देशों की गंभीरता से पालना सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रगति-50 योजना के तहत सफाई व्यवस्था के उच्च मानक बनाए रखें। जिला नगर आयुक्त ने कहा कि करनाल शहर केंद्र सरकार की प्रगति-50 योजना में शामिल है, जिसके तहत शहर की सफाई व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। एजेंसी सफाई व्यवस्था के निर्धारित उच्च मानकों को बनाए रखे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। टिप्पर व तिपहिया वाहनों की संख्या बढ़ाएं, डोर-टू-डोर कलेक्शन हो प्रभावी। एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि नगर निगम व नगर पालिकाओं में कचरा संग्रहण के लिए टिप्पर वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए तथा तिपहिया वाहन सात दिन के अंदर उपलब्ध करवाए जाएं। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में लगे वाहनों की गति निर्धारित रहे और पुराने टिप्पर वाहनों को बदलने के लिए खरीद प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। 4 प्रकार से कचरा पृथक्करण व घरेलू खाद निर्माण पर जोर। जिला नगर आयुक्त ने सभी निकायों से गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण, चार प्रकार से कचरा अलग करने तथा घरेलू खाद निर्माण के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की जानकारी ली। बेहतर कार्य करने पर नीलोखेड़ी व तरावड़ी नगर पालिका के सचिवों की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन वार्डों में गीले व सूखे कचरे का पृथक्करण हो चुका है, वहां अब चार प्रकार से कचरा अलग करने तथा घरेलू खाद बनाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाया जाए।

कलियुग में अपने भक्तों के लिए सहारा बनकर आए है बाबा श्याम : रेणु बाला गुप्ता

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर बाबा श्याम का जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव को लेकर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। फूलों की आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से सजा बाबा का भव्य दरबार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। दिनभर भक्तों ने बाबा के दर्शन कर माथा टेका और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा श्याम का केक काटकर खुशियां मनाई गईं। कार्यक्रम में बाबा मस्त गिरी अखाड़े के महंत श्री-श्री 1008 प्रह्लाद गिरी जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। सुबह मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण गुप्ता और रिषभ गुप्ता ने मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में शीश नवाया। महंत श्री-श्री 1008 प्रह्लाद गिरी जी महाराज, मेयर रेणु बाला गुप्ता, बृजगुप्ता ने मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ केक काटकर बाबा का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि बाबा श्याम कलियुग में अपने भक्तों के सहारे और संकटमोचक के रूप में पूजे जाते हैं। उनकी कृपा से भक्तों को कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की शक्ति और विश्वास मिलता है। इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम हैं। प्रह्लाद गिरी जी महाराज ने जन्मोत्सव पर बाबा का गुणगान कर इस दिन को यादगार बना दिया। दिल्ली से पहुंचे प्रसिद्ध भजन गायक विक्की सूफी और पानीपत से भजन गायिका दीक्षा वधवा ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से बाबा श्याम का गुणगान किया। बाबा के भजनों की धुन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरा मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं में बाबा के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आयोजन में त्रिलोकपुर माता बाला सुंदरी के मुख्य पुजारी बिट्टू भगत जी, सहज गिरी अखाड़े के महंत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर कमेटी की ओर से सभी भक्तों को केक का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, रामकरण गोयल, कृष्ण गोयल, एमके गुप्ता, विनोद गोयल, अशोक सिंघला, पवन गुप्ता, पंकिल गोयल, सुभाष बंसल, आकाश, दीपक, राजेश सिंघला, हरीश गोत्तम शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

हरियाणा के गन्ना किसानों को मिले ₹600 प्रति क्विंटल भाव : गुर्जर

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



तरावड़ी। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी संगठन के युवा ब्लोक प्रधान नीलोखेड़ी अरविंद गुर्जर बैरसाल जी ने नायब सैनी सरकार की किसान नीति पर उठाए सवाल, कहा- महंगाई के दौर में ₹15 की बढ़ोतरी किसानों के साथ नाइंसाफी। किसान नेता अरविंद गुर्जर बैरसाल जी ने कहा की हरियाणा सरकार द्वारा गन्ने के दामों में की गई ताजा बढ़ोतरी पर सवाल उठाते हुए इसे प्रदेश के गन्ना किसानों के साथ नाइंसाफी बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन गन्ने के भाव में की गई मामूली बढ़ोतरी सरकार की किसान नीति की वास्तविकता को उजागर करती है गुर्जर ने कहा कि डीजल, खाद, बीज, कीटनाशकों और खेती में मजदूरी का खर्च लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में केवल ₹15 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी किसानों की बढ़ती लागत के सामने नाकाफ़ी है। प्रदेश के किसान लंबे समय से गन्ने का भाव ₹600 प्रति क्विंटल करने की मांग कर रहे। गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार को किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझना चाहिए और हरियाणा के गना किसानों को भी उचित आर्थिक लाभ देना चाहिए।

उन्होंने मांग की कि सरकार गन्ने का भाव कम से कम ₹600 प्रति क्विंटल निर्धारित करे, ताकि किसानों को उनकी मेहनत और फसल का उचित मूल्य मिल सके। गुर्जर ने कहा कि किसान यूनियन चढ़ूनी संगठन हमेशा किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों की आवाज उठाती रही है और आगे भी किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी।

अलीपुर खालसा की पाठशाला में होगी हर्बल किचन गार्डन तैयार लगेंगे औषधीय पौधे



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। राजकीय प्राथमिक पाठशाला अलीपुर खालसा घरौंडा में स्टाफ सदस्यों ओर मिड डे मील वर्करो द्वारा किचन गार्डन तैयार किया गया जिसमें सब्जियों के साथ साथ औषधीय पौधे भी लगाये जाएंगे। हेड टीचर अमरदीप मलिक ने बताया सरकार द्वारा जारी आदेशअनुसार प्रत्येक स्कूल में किचन गार्डन अनिवार्य किया गया है। जिसमें बच्चों के मिड डे मील भोजन के लिए ताजी सब्जियों का आहरण हो सके। बिना खाद दवाईयों के स्कूल प्रांगण में मौसम के अनुसार सब्जी उगाई जा सके। हेड टीचर अमरदीप ओर मुनि राम शर्मा जी ने बड़ी मेहनत से कस्सी चलाकर कर क्यारियां तैयार की।ओर अध्यापिकाओं ओर मिड डे मील वर्करों ने भी उनका इस कार्य में पूरा सहयोग किया। क्यारियों में पालक, मेथी, धनिया, मूली, शलगम, गाजर आदि बीज बोये गये इस अवसर पर हेड मास्टर अमरदीप मलिक, मुनीराम शर्मा, ऊषा यादव, पूनम, सुमन, ऊषा मलिक मिड डे मील वर्कर सुमन, अजायब कौर, आदि मौजूद रहे।

शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या विद्यालय में चलाया नशा मुक्ति अभियान

थाना प्रभारी विद्यासागर ने छात्राओं से किया संवाद, नशे से दूर रहने का किया आह्वान



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

कोसली। शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोसली थाना प्रभारी विद्यासागर ने विद्यालय की छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। थाना प्रभारी विद्यासागर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज को बुरी तरह प्रभावित करता है। युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशा न करने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने सभी छात्राओं को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलवाई। छात्राओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी बाल योगेश्वर, प्रवक्ता नीलम रानी, सुभाषचंद्र, रेणु कुमारी, मनीषा कुमारी, सुमन, पुष्पा, सरिता, भूपेंद्र, कृष्ण, नरेंद्र पीटीआई सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

भारत के आत्मनिर्भर बनने के सपनों को चूर-चूर कर रही भाजपा सरकार : जजपा नेता नगेन्द्र डागर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने भाजपा सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दावे की पोल खोलते हुए बड़े सवाल उठाए है। उन्होने चीन से आयात हो रही खाद को आत्मनिर्भर भारत पर बहुत बड़ा दाग बताया है और इसे भाजपा सरकार की विफलता बताई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का आत्मनिर्भर भारत का नारा केवल बातों तक सीमित है। उन्होने कहा कि इफको के खाद के बैग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो लगी हुई है और आत्मनिर्भर भारत भी लिखा हुआ है लेकिन हैरानी की बात है कि उसके उदगम देश में चीन का नाम लिखा है। उन्होने प्रधानमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि आखिर ये कैसा आत्मनिर्भर भारत है मोदी जी, जिसमें फोटो आपकी, नारा स्वदेशी का और ठप्पा चीन का ? जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने कहा कि जो भाजपा सरकार चीन से आयात के खिलाफ लड़ाई लड़ती थी, उस सरकार की ऐसी क्या मजबूरी हुई कि उसे खाद भी चीन से खरीदनी पड़ रही है, जोकि खुद पेट्रोलियम उत्पाद मध्य पूर्व देशों से खरीदता है। उन्होने कहा कि इससे अच्छा तो भारत मिडिल ईस्ट देशों से व्यापार महंगे दाम पर कर लेता तो किसानों को सस्ते दाम पर खाद उपलब्ध हो जाती। उन्होंने कहा कि चीन मिडिल ईस्ट देशों से गैस खरीद कर खाद का उत्पादन करके भारत को महंगे दाम पर बेच रहा है, जोकि भारत देश के आत्मनिर्भर बनने के सपनों को चूर-चूर कर रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान डीएपी और यूरिया खरीदने जाता है तो उन्हें मजबूरन दो बैग के साथ नेनो यूरिया-डीएपी की एक बोतल खरीदने का फरमान सुनाया जाता है। किसानों को न फसलों का उचित दाम मिल रहा है, न समय पर खाद और बीज उपलब्ध हो रही है।

गंगास्नान के उपलक्ष्य में व्यापारी समाज 24 को करेगा विशाल भंडारा : टेकचंद सिंगला

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): गंगास्नान पर्व के उपलक्ष्य में बड़ा बाजार क्षेत्र का व्यापारी समाज 24 नवंबर को बड़ा बाजार में आपस में परस्पर सहयोग से इकटठा की गई धनराशि से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। यहां पर शुक्रवार को उपरोक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी टेकचंद सिंगला, गोपालमणि जैन, प्रीतम जैन सर्राफ, राममणि जैन, ठाकुर कृपाल सिंह, पवन सिंगला, युवराज सिंह, चिंटू, यश सिंगला, राजू पठान, नरेन्द्र जैन, अशोक वर्मा, ललित आदि ने बताया कि बड़ा बाजार क्षेत्र का व्यापारी समाज गंगास्नान के उपलक्ष्य में आपसी सहयोग से भंडारा चलाता है। इस दिन यहां पर ऐतिहासिक व धार्मिक स्थान गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड पर गंगास्नान पर्व के उपलक्ष्य में विशाल मेला भरता है। उन्होने बताया कि भंडारा आयोजन को लेकर तैयारियां चल रही है।

भाजपा सरकार नोटबंदी के बाद अब वोटबंदी करना चाह रही : कांग्रेस नेता मनोज बंधवाड़ी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मनोज बंधवाड़ी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार देश में नोटबंदी के बाद अब वोटबंदी करना चाह रही है। उन्होने नोटबंदी और वोटबंदी को एक ही सिक्के के 2 पहलू बताते हुए कहा कि सरकार ने पहले नोटबंदी के नाम पर आम जनता की कमाई और आजीविका पर चोट मारी और अब वोटबंदी के जरिए जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों और आवाज को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि वोट चोरी के चलते आज लोकतंत्र खतरे में नजर आ रहा है।

बाबा खाटूश्याम मंदिर में एकादशी पर संकीर्तन कर चलाया भंडारा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर नगरपरिषद के वार्ड-चार के तहत बालूदा रोड़ स्थित सिंहराम विहार कॉलोनी स्थित शीश के दानी बाबा खाटूश्याम मंदिर प्रांगण में बाबा खाटूश्याम जन्मोत्सव पर शुक्रवार को बाबा खाटूश्याम प्रतिमा की पोशाक बदल संकीर्तन करते हुए विशाल भंडारा चलाया गया। सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी और कृष्ण सैनी व शिक्षा समिति उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल ने बताया कि बाबा खाटूश्याम जन्मोत्सव पर मंदिर में पूजा अर्चना व आरती के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तजन नंगे पैर ही मंदिर के बाहर खड़े होकर लाइन में लग अपनी बारी आने का इंतजार करते नजर आए। बाबा खाटूश्याम प्रतिमा को भोग लगाने उपरांत मंदिर स्थल के बाहर विशाल भंडारा चलाया गया। भंडारे में निस्वार्थ भाव से श्रमदान कर रहे कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। भंडारे में पूडी, सब्जी, खीर का प्रसाद श्रद्धलुओं को पंक्तिबद्ध बैठाकर पूरी श्रद्धापूर्वक खिलाया गया।

श्री गुरू नानक देव प्रकाश पर्व पर एमवीएन में संगत निकालेगी प्रभातफेरी : सरदार तजिन्द्र सिंह



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में दमदमा-दौहला रोड़ स्थित एमवीएन ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में रहने वाले सरदार तजिन्द्र सिंह, पिंकी पाजी ने बताया कि श्री गुरु नानक देव महाराज जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में साध संगत 24 नवम्बर को भोर सवेरे 5 बजे एमवीएन सोसायटी में शब्द कीर्तन अरदास के साथ प्रभातफेरी निकालेगी। उन्होने बताया कि शब्द-कीर्तन, अरदास का आयोजन होगा। गुरुद्वारा साहिब के श्रद्धालुओं द्वारा सभी साध संगत के साथ मिलकर किया जाएगा। सरदार तजिन्द्र सिंह, पिंकी पाजी, सरदार अंशदीप सिंह, सरदार अनुप्रीत सिंह, तन्नू सिंह ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वह प्रभातफेरी में सपरिवार अधिक से अधिक तादाद में शामिल होकर प्रभातफेरी का शानदार तरीके से स्वागत-सत्कार करे और गुरू महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करे।

सोहना में देवोत्थान एकादशी पर जगाए गए देवतागण-खूब बिके बेर, मूली, सिंघाड़े

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शुक्रवार को 'उठो देव जागो देव' की मनुहार की साथ यहां देवोत्थान एकादशी पर सोये हुए देवगणों को घर-घर जगाया गया। घरों में जमीन पर अल्पना और कुल देवताओं की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। यहां देहात में देवोत्थान एकादशी पर गुड़-घी से ईख की पूजा की गई। यहां ऐसी मान्यता है कि जब तक देवोत्थान पर ईख की पूजा ना हो जाए, तब तक खेत से गन्ना तोडऩा वर्जित माना जाता है। पूजा के बाद ईख से गन्ने तोडक़र घर लाये जाते है और परिवार के सभी लोग मिलकर गन्ना चूसते है। शहरों, कस्बों और गांवों में ईख की पूजा प्रतीक रूप में घर पर गन्ना लाकर की गई। इस मौके पर सिंघाड़ा, मूली, बेर, सिंगरी, बैगन, चोलाफली, नई कपास, खिचड़ी और शकरकंद आदि से पूजा हुई। खेड़ला गांव में रहने वाली पंडिताइन अंजलि शर्मा, सोहना शहर में रहने वाली पंडिताइन सरोज, डाक्टर निशेंदु यादव, शिक्षाविद डाक्टर भारती लोहिया, पंडिताईन वेदकला शर्मा आदि गृहणियों ने बताया कि घर का मुखिया जमीन पर बनी अल्पना और कुलदेवता की आकृति को पल्ला से ढक़ देता है। उसके ऊपर चादर डालकर फिर 'उठो देव-बैठो देव, पादुरिया चटकाओ देव' गाते हुए पूजा की जाती है। इसके बाद दीपक जला दिया जाता है। हिंदू धर्म में मान्यता है कि आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवगण सो जाते है। इसके बाद सभी शुभ कार्य वर्जित हो जाते है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवतागण जाग जाते है। इसीलिए इसे देवोत्थान एकादशी कहा जाता है और देवोत्थान एकादशी के बाद से शादी-विवाह आदि शुभ कार्य आरंभ हो जाते है।

दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और उत्साह के साथ सम्पन्न : भाजपा नेता योगी राघव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता





सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव खेड़ला ने बताया कि प्रशासन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम की ओर से 19 एवं 20 नवंबर को राजकीय कन्या महाविद्यालय, सेक्टर-14 में आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव शुक्रवार को उत्साह एवं सांस्कृतिक रंगों के साथ संपन्न हुआ। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव खेड़ला ने बताया कि संस्थान के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस महोत्सव में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला, सांस्कृतिक प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। महोत्सव में समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, समूह वाद्य यंत्र वादन, चित्रकला एवं कविता सहित छह विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ भारतीय लोक संस्कृति, कला एवं साहित्य से जुडऩे का अवसर मिला। महोत्सव का शुभारंभ 19 नवंबर को सोहना के विधायक तेजपाल तंवर ने किया था। इस अवसर पर डॉ. सुनील डबास विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा महोत्सव जैसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा देश की सांस्कृतिक विरासत से जुडऩे का अवसर प्रदान करते हैं। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव खेड़ला ने बताया कि समापन समारोह में संस्थान के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने सभी अतिथियों, निर्णायक मंडल के सदस्यों, सहयोगी संस्थानों, शिक्षकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा सामने लाने और विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में आगे बढऩे के लिए प्रेरित करते हैं। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव खेड़ला ने बताया कि जिला युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों में पेंटिंग विधा में देव पाठक ने प्रथम, वर्षा ने द्वितीय और रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन में जानवी प्रथम, दिवांशी मिश्रा द्वितीय और अंशु गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। लोकगीत प्रतियोगिता में नंदनी गिरि ग्रुप ने प्रथम, वानी सिंह ग्रुप ने द्वितीय और विस्मय ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक में खुशी ग्रुप प्रथम रहा। लोक नृत्य में सुमित भारती ग्रुप ने प्रथम, रजनी ग्रुप ने द्वितीय और मीनू ग्रुप ने तृतीय स्थान हासिल किया। वही नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में चिंटू ग्रुप प्रथम, शिवान्शिका ग्रुप द्वितीय और अमन मेहता ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव खेड़ला ने बताया कि इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय कन्या महाविद्यालय, सेक्टर चौदह, गुरुग्राम की कार्यवाहक प्रधानाचार्या सुनीता ढाका, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य देवानंद, राजकीय आईटीआई सोहना की प्रधानाचार्या सोनिया तक्षक, राजकीय आईटीआई (महिला), गुरुग्राम से सुनीत वत्स, आईटीआई गुरुग्राम के एपीओ डॉ. संतोष कुमार तथा राजकीय आईटीआई मौजाबाद के जीआई एवं प्रभारी विजयपाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

डीएलएसए द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किया जा रहा विशेष पखवाड़े का आयोजन : नितिन अग्रवाल एडवोकेट

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की डीएडब्ल्यूएन (ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) स्कीम, 2025 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा 14 से 27 नवंबर, 2026 तक विशेष पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए के अध्यक्ष नरेन्द्र सुरा के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डीएलएसए की सचिव निशा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के तहत बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और उन्हें उचित सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान में विशेष रूप से 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति अवेयरनेस करने पर ध्यान दिया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा जरूरतमंद बच्चों को समय पर उचित सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत डीएलएसए गुरुग्राम द्वारा विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा सामुदायिक क्षेत्रों में बच्चों की आयु के अनुरूप विधिक अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को नशे से दूर रहने, नशे के शुरुआती संकेतों की पहचान करने तथा आवश्यकता पडऩे पर बिना किसी भय या संकोच के सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अभिभावकों, शिक्षकों एवं पैरालीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) को भी जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे बच्चों में नशे से जुड़ी समस्याओं के शुरुआती संकेतों को पहचान सकें और जरूरत पडऩे पर उन्हें उचित परामर्श, सहायता एवं उपचार उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विशेषज्ञों और संस्थानों से जोड़ सकें। इस पूरी प्रक्रिया में बच्चों की पहचान और व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखने का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, विद्यालय ना जाने वाले बच्चों तक पहुंच बनाकर उन्हें भी अवेयरनेस एवं सहायता सेवाओं से जोडऩे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नशे की समस्या से प्रभावित बच्चों और परिवारों के प्रति समाज में संवेदनशीलता बढ़ाने तथा उन्हें बिना किसी भेदभाव के सहयोग और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। डीएलएसए द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए काउंसलिंग, विधिक सहायता, उपचार एवं पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि बच्चों को निरंतर सहयोग मिल सके और उनकी शिक्षा एवं सामाजिक पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए नशा मुक्त भारत अभियान तथा डीएडब्ल्यूएन स्कीम से संबंधित अवेयरनेस वीडियो, संदेश एवं 'तुम मत गिरना' शीर्षक से जारी अभियान गीत का भी विभिन्न माध्यमों से प्रचार किया जा रहा है। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि डीएलएसए गुरुग्राम ने आमजन, अभिभावकों, शिक्षकों एवं सामाजिक संगठनों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया है ताकि बच्चों को नशामुक्त, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में सभी अपना योगदान दे सकें। विधिक सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की टोल-फ्री हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

देवोत्थान एकादशी पर सोहना शिवकुंड पर भरे मेले में उमड़े श्रद्धालु और स्नानार्थी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। देवोत्थान एकादशी पर्व के उपलक्ष्य में यहां शुक्रवार को सोहना शहर स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन धर्मस्थल तथा गर्मचश्मा श्री शिवकुंड पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और यहां शहर के प्रत्येक सडक़, मार्गों व बाजारों में ग्राहकों की जबरदस्त भीड़ के चलते ज्वैलरी, रेडीमेड, साज-श्रृंगार, कपड़ा तथा खानपान वाली दुकानों पर लोगों का खरीददारी के लिए तांता लगा रहा। वही गर्मचश्मा श्री शिवकुंड पर जाने वाले तमाम रास्तों पर स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का रेला का रेला दिखलाई पड़ा। गौरतलब यह है कि श्री शिवकुंड प्रबंधन रक्षा समिति ने पुलिस के सहयोग से श्रद्धालुओं की सुविधार्थ व्यापक बंदोबस्त किए हुए थे। श्री शिवकुंड कमेटी प्रधान जगजीत सिंह राणा तथा श्री शिवकुम्भ साखमजती अधमर्षण रक्षा सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंगला कालू, कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, शिक्षाविद पवन वर्मा और श्री शिवकुंड कमेटी के पूर्व में मैनेजर रहे राजेश राघव ने बताया कि मास्टर खूबीराम, रिंकू राघव, धर्मेन्द्र सिंगला तथा प्रबंधन समिति से जुड़े सदस्यों ने स्वयं संभाली हुई थी। वही गर्मचश्मा श्री शिवकुंड स्थल पर आ रही भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोहना शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह, शहर पुलिस चौकी प्रभारी सबइंस्पेक्टर मनोज कुमार मातहत पुलिस जवानों के साथ व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। श्री शिवकुंड में डुबकी लगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने रंग-बिरंगे प्रकाश, घंटे-घडियालों की गूंज के बीच पूजा-अर्चना व दान कर पुण्य लाभ कमाया। इस मौके पर शहर के बाजारों में भारी भीड़ के चलते जलेबी, बेर, सिंघाड़े की जमकर बिक्री देखने को मिली।

बिल्डर के फर्जी रशीद जमा करने पर लाइसेंस निलम्बित कर संपत्तियां बेचने पर लगाई रोक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। एक बिल्डर के फर्जी रशीद जमा कर सरकारी विभाग को गुमराह करने का भांड़ाफोड़ होने पर नगर व ग्राम नियोजन विभाग के महानिर्देशक जे गणेशन के इस मामले में आईटी पार्क का लाइसेंस लेने वाले बिल्डर का लाइसेंस निलम्बित किए जाने पर बिल्डर लाबी में जबरदस्त बेचैनी व हडक़म्प का माहौल बन गया है। अहम बात यह है कि आरोपी बिल्डर पर 50 लाख रुपए के विलम्ब शुल्क की जगह केवल 5 लाख रुपए की रशीद जमा कराने का आरोप है और जांच के दौरान 5 लाख रुपए वाली यह रशीद भी फर्जी पाई गई है। इस मामले में नगर व ग्राम नियोजन विभाग के महानिर्देशक जे गणेशन के कडे तेवर दिखाते हुए हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण यानी हरेरा के चेयरमैन को पत्र लिखकर बिल्डर के बैंक खाते सील करने की कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही इस मामले में उन्होने उपायुक्त को पत्र लिखकर इस आईटी पार्क में बिल्डर की संपत्तियों की खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने का आग्रह किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस आईटी पार्क को विकसित करने के लिए नगर व ग्राम नियोजन विभाग ने बिल्डर को ग्यारह मार्च, 2008 में लाइसेंस जारी किया था। करीब 6.445 एकड़ जमीन पर यह आईटी पार्क विकसित किया गया है। विभाग ने पांच अगस्त, 2025 को परियोजना के कुछ हिस्से का कब्जा प्रमाणपत्र जारी किया था और नियमों के अनुसार कब्जा प्रमाणपत्र मिलने के 90 दिनों के भीतर यानी तीन नवम्बर, 2025 तक बिल्डर को डीड ऑफ डिकलरेशन जमा करानी थी। हालाकि बिल्डर ने निर्धारित समय सीमा के करीब 6 महीने बाद अठाईस अप्रैल, 2026 को डीड ऑफ डिकलरेशन जमा कराई। इसे जमा कराने में देरी होने के कारण नियमानुसार बिल्डर पर 50 लाख रुपए का लगाया गया विलम्ब शुल्क जमा कराना जरूरी था लेकिन बिल्डर ने चालाकी दिखाई और अठाईस मई को संबंधित विभाग में शुल्क जमा कराने की रशीद प्रस्तुत कर दी। जब संबंधित विभाग ने रशीद की गहराई से जांच-पड़ताल कराई तो चौंकाने वाला मामला सामने आया। जांच में पता चला कि बिल्डर ने 50 लाख रुपए की बजाय केवल 5 लाख रुपए की रशीद जमा कराई। बिल्डर पर आरोप है कि उसने फर्जी रशीद तैयार कर विभाग में जमा कराई और अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर व ग्राम नियोजन विभाग के महानिर्देशक जे गणेशन ने तत्काल प्रभाव से आईटी पार्क का लाइसेंस निलम्बित करने के आदेश जारी कर दिए है और मुख्यालय के मुख्य लेखाधिकारी को आरोपी बिल्डर के खिलाफ कड़ी से कड़ी विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

सोहना में आज टोयोटा की नई गाड़ी का युवा भाजपा नेता दीपक गर्ग ने किया उदघाटन



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। युवा भाजपा नेता दीपक गर्ग होंडा ने आज शिवनगरी सोहना में आईजेएम टोयोटा कम्पनी की गिलेंजा गाड़ी का पर्दा उठाकर व रिबन काटकर विधिवत रूप में उदघाटन किया। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि रूप में बोलते हुए युवा भाजपा नेता दीपक गर्ग होंडा ने बताया कि इस गाड़ी में कम्पनी की तरफ से ग्राहकों की सुविधा के लिए कई नई-नई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। जिससे सफर काफी आरामदायक होगा।

विवाह-शादियों के चलते सडक़ों पर लग रहा है जाम-घराती-बराती सभी हो रहे परेशान

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना क्षेत्र में देवउठनी एकादशी के साथ ही शुक्रवार से विवाह-शादियों का आगाज हो गया है। ऐसे में बैंड-बाजे, ढोल, ताशे बजाने वाले, बैंकेट हाल, टैंट वाले, हलवाइयों, कैट्रिंग के साथ-साथ विवाह-शादियों का मुहुर्त निकालने वाले पंडित भी व्यस्त हो गए है। बता दें कि आज से विवाह-शादियों की शुरूआत होते ही फूल व डेकोरेशन करने वालों का धंधा भी तेजी से चमक गया है। वही बाजार में एक से एक महंगे शादी कार्ड देखने को मिल रहे है। पाया जा रहा है कि आज आधुनिक युग और आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते इस बार शहर हो या देहात सभी लोग विवाह के कार्ड छपवाने में स्टाइलिश कार्डों को ज्यादा महत्व दे रहे है। ऐसे में ब्यूटीपार्लरों की भी मौज बन आई है। दुल्हन के साथ-साथ दुल्हनिया की सखियों और परिवार की महिलाओं को सजने-संवरने के लिए ब्यूटी पार्लरों पर आना-जाना बढ़ गया है। वही दूल्हे राजा की गाड़ी को सजाने को लेकर फूल विक्रेताओं और गाड़ी सजाने वालों के यहां एक से एक लग्जरी गाडिय़ों की लाइनें लगने लगी है। पाया जा रहा है कि अपनी जीवन साथी को ब्याह कर लाने और डोली के लिए एक से एक बेशकीमती व लग्जरी गाडिय़ों की मुंहमांगे दामों पर बुकिंग हो रही है। इसके अलावा दूल्हा-दुल्हन को एक-दूजे का बनाने वाली परिणय सूत्र में बांधने वाली वरमाला ने भी मार्डन रूप ले लिया है। पैसे की चकाचौंध के चलते अब गुलाब के फूलों के साथ-साथ आर्गेट व लिली के फूलों से बनी महंगी वरमालाओं की मांग ज्यादा देखने को मिल रही है। फूल उत्पादन करने और गुर्जरघाटी में रहने वाले हरि सिंह सैनी, बब्बल सैनी, सूरज सैनी, गांव अलीपुर में रहने वाले अमित जाट, दुर्गा कॉलोनी में रहने वाले चंदर सैनी, गुर्जरघाटी में रहने वाले श्रीचंद सैनी, रोहताश सैनी, रामप्रसाद सैनी, नरेश सैनी, प्रति सैनी, दुर्गामंदिर के पिछवाड़े फूलों की खेती करने वाले लोकेश सैनी, सतपाल सैनी, संजय कुमार, नवीन सैनी, धर्मपाल सैनी, राजेन्द्र सैनी, पूरण सैनी, राकेश सैनी, बिजेन्द्र सैनी, मनोज सैनी, बलबीर सैनी का कहना है कि आर्गेट व लिली के फूलों से बनी वर-वधूमाला की कीमत उसके वजन और सजावट के आधार पर फिलहाल 5 हजार रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक चल रही है। यहां पर देखने में आ रहा है कि विवाह-शादियों में वाहनों की रेलमपेल के चलते सडक़ों पर जाम लगने लगा है। किसी भी गली, रास्ते, सडक़ से निकले आपको चहु ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें और सडक़ पर जाम ही जाम नजर आ रहा है। कई बार तो यह जाम यहां कई-कई घंटा लंबा लग जाने से लोग परेशान है लेकिन चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे है।

लोगों का कहना है कि ब्याह-शादियों के सीजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन को सडक़ों पर यातायात सुचारू बनाने हेतु विशेष कदम उठाने चाहिए। जगह-जगह यातायात पुलिस की तैनाती की जानी चाहिए। रास्ते के ऊपर खड़ी रहने वाली गाडिय़ों का उठाने के लिए क्रेन भी मौके पर उपलब्ध होने चाहिए ताकि आम जनमानस को यहां लगने वाले जाम से छुटकारा मिल सके।

कार्तिक पूर्णिमा पर 24 को गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड पर भरेगा मेला : जगजीत राणा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। श्रीशिवकुंड गर्मचश्मा प्रबंधन कमेटी के प्रधान जगजीत सिंह राणा तथा श्री शिवकुम्भ साखमजती अधमर्षण रक्षा सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंगला कालू, कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, शिक्षाविद पवन वर्मा और श्री शिवकुंड कमेटी के पूर्व में मैनेजर रहे राजेश राघव ने बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा पर 24 नवंबर को ऐतिहासिक गर्मचश्मा श्री शिवकुंड स्नान को लेकर मेला भरेगा। जिसको लेकर श्रीशिवकुंड गर्मचश्मा प्रबंधन कमेटी कुंड पर स्नान व पूजा अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर संभव कदम उठाएगी। श्री शिवकुंड हनुमानमंदिर के महंत और महामंडलेश्वर मनोहर दास शास्त्री, चमनपुरी गोस्वामी, पंडित संजय वशिष्ठ, पंडित रमेश शास्त्री, ब्राहमणसभा के पूर्व प्रधान पंडित अनिल भारद्वाज कोकी, मास्टर अनिल वशिष्ठ आदि ने बताया कि इस दिन श्री शिवकुंड गर्मचश्मा पर स्नान करने, दीपदान करने और पूजा अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और इस दिन व्रत करने से घर में यश और कीर्ति की प्राप्ति होती है। इस दिन श्री सत्यनारायण भगवान की कथा जरूर सुननी चाहिए। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ तुलसी के पौधों के पास दीपक जरूर जलाना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव के दर्शन करने से सात जन्मों तक व्यक्ति ज्ञानी और धनवान होता है। श्रीशिवकुंड पर इस दिन स्नान करने के बाद दीपदान और मंदिरों में पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। इस दिन ऋतु फल, संतरा, सेब, सरीफा व अन्य फल, उड़द दाल, चावल और सफेद चीजों का दान शुभ माना गया है। इस मौके पर शिवकुंड कमेटी के पूर्व प्रधान योगेश राणा, भाजपा नेता जितेन्द्र राणा, रिंकू राघव, मास्टर खूबीराम, धर्मेन्द्र सिंगला आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

सोहना में स्थापित होगी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा : एसडीओ राजपाल सिंह खटाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): शिवनगरी सोहना नगरपरिषद के वार्ड-4 के तहत लगने वाले गांव बालूदा में जल्द ही दिवंगत प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 12 फुंट ऊंची प्रतिमा स्थापित होगी। यहां पर नगरपरिषद में कार्यरत एसडीओ राजपाल सिंह खटाना ने बताया कि गांव बालूदा के पार्क में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 12 फुंट ऊंची प्रतिमा का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और प्रतिमा पर करीब 16 लाख की धनराशि खर्च होगी। अच्छी बात यह है कि सोहना में लगने वाली यह प्रतिमा समूचे ग्लोबलसिटी जनपद गुरूग्राम में अपनी तरह की पहली व अनूठी कलाकृति होगी, जो लोगों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहेगी। एसडीओ राजपाल सिंह खटाना ने बताया कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्री काल में बिना किसी विदेशी दबाव में आए देश को नई बुलंदियों पर पहुंचाने का काम किया और अपने कवि हृदय से करोड़ों देशवासियों का दिल जीता। अटल जी सदैव लोगों के दिलों-दिमाग में रहेंगे। सोहना में दिवंगत प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की यह पहली प्रतिमा 25 दिसम्बर से पहले स्थापित होगी।

सोहना में 24 को केडीएम स्कूल के पास होगा दिव्य सत्संग : देविन्द्र चौहान

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर वार्ड-6 में केडीएम स्कूल के समीप रहने वाले युवा राजपूत नेता देविन्द्र चौहान व हर्ष चौहान ने बताया कि 24 नवम्बर को पूर्व नगरपार्षद मदन सिंह चौहान व महेन्द्र चौहान के आवास पर होलीमैस संत अवतार सिंह महाराज के दिव्य सत्संग को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल नजर आ रहा है। उन्होने बताया कि सत्संग सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक चलेगा।

शिवनगरी में 24 को हर्षोल्लास से मनाई जाएगी देव दीवाली : मोहित खटटर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के संरक्षक व पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू, डाक्टर सतीश जुनेजा, विपिन मल्होत्रा, बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर, बिजली कारोबारी सन्नी पाहूजा, स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा आदि ने बताया कि सनातन धर्म में कार्तिक माह की पूर्णिमा पर देव दीवाली का बहुत ही खास महत्व है। इस बार देव दीवाली 24 नवम्बर को बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधामपूर्वक मनाई जाएगी। उन्होने बताया कि सदियों से ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवी और देवता पृथ्वी लोक पर दीवाली मनाने आते है और कार्तिक पूर्णिमा की पुण्यकारी तिथि पर देवों के देव महादेव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था। तभी से हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीवाली मनती आ रही है।

गौमाता में होता है छत्तीस करोड़ देवी-देवताओं का वास : विहिप नेता सुरेन्द्र तंवर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर गांव रामगढ़ में रहने वाले विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तंवर ने शुक्रवार को देवात्थान एकादशी को अलग ही तरीके से अनोखे अंदाज में मनाया। देवोत्थान एकादशी के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तंवर अपने परिजनों व साथियों के साथ गौशाला में गए और गौशाला में पल रहे गौधन की पूजा अर्चना कर हरा चारा व गुड़ खिलाया। इस मौके पर उन्होने गौमाता के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि गौमाता में छत्तीस करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गौसेवा सौभाग्यशाली लोगों के नसीब में ही होती है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तंवर और उनके साथियों ने गौशाला में पौधे भी रोपे।

अग्रवाल वैश्य समाज 24 को धूमधाम से मनाएगा देव दीवाली : अनिल गोयल मोंटू



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव और अग्रवाल वैश्य समाज के वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने बताया कि शिवनगरी सोहना में अग्रवाल वैश्य समाज 24 नवम्बर को देव दीवाली बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधामपूर्वक मनाएगा। उन्होने बताया कि सनातन धर्म में कार्तिक माह की पूर्णिमा पर देव दीवाली का बहुत ही खास महत्व है। सदियों से ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवी और देवता पृथ्वी लोक पर दीवाली मनाने आते है और कार्तिक पूर्णिमा की पुण्यकारी तिथि पर देवों के देव महादेव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था। तभी से हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीवाली मनती आ रही है। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज की युवा शाखा के जिलाध्यक्ष डाक्टर विकास गुप्ता भी उनके साथ मौजूद रहे।

सोहना में 16 करोड़ की लागत से तैयार होंगे 2 खेलस्टेडियम : भाजपा नेता राकेश जैन



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि सोहना खंड 2 आदर्श गांवों सरमथला व टीकली में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खटटर द्वारा चार वर्ष पहले की गई घोषणा को धरातल पर अमलीजामा पहनाने के लिए 16 करोड़ रुपए की लागत से इन दोनों गांवों में खेलस्टेडियम बनाने की शुरूआत चालू महीने से होने वाली है। उन्होने बताया कि गांव सरमथला व टीकली में 4 एकड़ भूमि पर 8-8 करोड़ रुपए की लागत से यह खेलस्टेडियम बनाए जाने की शुरूआत इसी महीने से हो रही है। इन दोनों गांवों में खेलस्टेडियम बनने से ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा और खिलाडिय़ों को जबरदस्त प्रोत्साहन मिलेगा।

सुप्रीमकोर्ट के निर्देशों पर भौंड़सी मार्डन जेल की निगरानी के लिए बनाया बोर्ड

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज चेयरमैन व जाने-माने शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन ने बताया कि सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित भौंड़सी मार्डन जेल की व्यवस्थाओं और बंदियों के अधिकारों की निगरानी के लिए सरकार ने 'बोर्ड ऑफ विजिटर्स' का गठन किया है। अहम बात यह है कि सुप्रीमकोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में गठित किए गए इस बोर्ड में न्यायिक, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ गैर आधिकारिक सदस्यों को भी शामिल किया गया है। गठित किए गए बोर्ड का उददेश्य जेल में बंद कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं की जांच, बंदियों के साथ जेल प्रशासन का व्यवहार और बंदियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं, भोजन, सफाई और भेदभाव की स्थिति पर निगरानी रखना है। गठित किए गए इस बोर्ड की अध्यक्षता जिला व सत्र न्यायाधीश करेंगे। इसके अलावा इस बोर्ड में जिला मजिस्ट्रेट, डीसीपी साउथ, सिविल सर्जन, जिला रोजगार अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला औद्योगिक अधिकारी, लोक स्वास्थ्य विभाग और लोकनिर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता के साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारी व कृषि व बागवानी विभाग के अधिकारी सदस्य होंगे जबकि गैर आधिकारिक सदस्यों में सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश खटाना एडवोकेट और ग्लोबलसिटी जनपद गुरूग्राम की सेक्टर बारह की रहने वाली अधिवक्त नीलम कथूरिया नागर सदस्य बनाए गए है। इन दोनों सदस्यों का कार्यकाल राजपत्र अधिसूचना जारी होने की तारीख से 2 वर्ष की अवधि तक रहेगा और गठित किए गए।

हरियाणा पवेलियन में चौपाल पर हुई चर्चा-नीलम और अनुषा ने सुनाई प्रेरणादायक कहानियां : व्यापारी नेता मनोज बजरंगी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता





सोहना। सोहना में व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में बने हरियाणा पवेलियन में शुक्रवार को एक नई शुरुआत की गई। यहां पवेलियन में हरियाणवी चौपाल पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह शुरुआत हरियाणा ट्रेड फेयर अथॉरिटी, नई दिल्ली की मुख्य प्रशासक ए. मोना श्रीनिवास ने की। उन्होंने हरियाणा पवेलियन में दो महिलाओं नीलम यादव व अनुषा मंत्री से चौपाल पर चर्चा की, जिनकी कहानियां हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। कैसे दोनों महिलाओं ने मेहनत और लगन के साथ अपना व्यवसाय खड़ा किया। सोहना में व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि हरियाणा के जिला गुरुग्राम के गांव ढाणी चिटर सैन, भोड़ा कलां की नीलम यादव ने बीमारी और आर्थिक तंगी के बीच हिम्मत ना हारकर आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल कायम की है। उन्होंने ना केवल खुद को स्वरोजगार से जोड़ा, बल्कि लगभग 800 से 900 ग्रामीण महिलाओं को भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा। उन्होंने बताया कि शादी के बाद उनके पति की आँखों की रोशनी कम होने से परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई, तो नीलम ने गाँव में छोटी-सी दुकान खोली। इसी दौरान उन्हें टीबी हो गया और लगभग तीन वर्षों तक इलाज चला। वर्ष-2017 में स्वयं सहायता समूह से जुडक़र नीलम ने गाँव-गाँव जाकर महिलाओं को प्रेरित किया और नए समूहों के गठन में अहम भूमिका निभाई। इससे उन्हें हर 15 दिन में लगभग ?9,000 की आय होने लगी। कृषि विज्ञान केंद्र से निशुल्क प्रशिक्षण लेकर उन्होंने अचार, पापड़ और मसाले बनाना सीखा। वर्ष-2021 में कैंसर का पता चलने पर भी उन्होंने हौसला नहीं छोड़ा। इलाज के दौरान डॉक्टरों की जैविक व पौष्टिक भोजन की सलाह ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। आज वे बिना कृत्रिम प्रिजर्वेटिव के बाजरे का आटा, बाजरे की खिचड़ी, अचार, मसाले और अन्य पारंपरिक उत्पाद तैयार करती हैं, जिन्हें वे विभिन्न व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में प्रदर्शित करती हैं। महिला सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र में योगदान के लिए नीलम को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सहायता समूह का सम्मान और सर्वश्रेष्ठ किसान पुरस्कार मिल चुका है। नीलम का सपना है कि अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार से जुडक़र आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनें। वे कहती हैं, हार परिस्थितियों से नहीं होती, हार तब होती है, जब इंसान प्रयास करना छोड़ देता है। और मैंने कभी प्रयास करना नहीं छोड़ा। सोहना में व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि गुरुग्राम की रहने वाली अनुषा मंत्री ने बताया कि कोविड में जब लोग जीने के लिए संघर्ष कर रहे थे तो उसने एक छोटी सी शुरुआत की और सुनहरा गोटा के नाम से शुरुआत की। उन्होंने बताया कि कोविड के कठिन दौर में केवल एक फ़ोन कॉल से शुरू हुआ यह प्रयास आज 20 से अधिक परिवारों की आजीविका का आधार बन चुका है। ब्रांड की शुरुआत दुपट्टों से हुई, जिन्हें हैंडीक्राफ्ट श्रेणी में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उतारा गया। उन दिनों भी उम्मीद से बेहतर प्रतिक्रिया मिली। दो वर्ष बाद पहली बार रिटेल में उतरने का अवसर मिला, जहाँ शो पूरी तरह सोल्ड आउट रहा। इससे ग्राहकों की भरपूर माँग और बहुमूल्य फ़ीडबैक मिला। रिटेल उद्योग में 20 से अधिक वर्षों के अनुभव के बाद उन्होंने पूरी तरह गोटा पट्टी कारीगरों के साथ काम करने का निर्णय लिया। ब्रांड ने दो वर्षों की तैयारी के बाद अपना साइज़ चार्ट तैयार किया और एक छोटी सिलाई यूनिट स्थापित की। इसके बाद दिवाली 2025 में लेडीज़ रेडी-टू-वियर परिधान लॉन्च किए गए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास इस मिथक को तोडऩा है कि गोटा पट्टी केवल ओकेजन वियर के लिए उपयुक्त है। हम इस सदियों पुरानी कला में ऐसे अनूठे डिज़ाइन बनाते हैं, जो हर उम्र की महिलाओं को पसंद आएं। उन्होंने बताया कि ब्रांड की सबसे बड़ी ताकत उसके अनुभवी कारीगर हैं, जिन्होंने खुद को आधुनिक माँग के अनुसार ढाल लिया है। कारीगरों और दर्जियों के बीच बेहतरीन तालमेल है, और हर डिजाइन व हर उत्पाद पर सब मिलकर विचार-मंथन करते हैं।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किया जा रहा विशेष पखवाड़े का आयोजन : संदीप अग्रवाल एडवोकेट

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना बार एसोसिएशन से जुड़े संदीप अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की डीएडब्ल्यूएन (ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) स्कीम, 2025 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा 14 से 27 नवंबर, 2026 तक विशेष पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए के अध्यक्ष नरेन्द्र सुरा के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डीएलएसए की सचिव निशा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के तहत बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और उन्हें उचित सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान में विशेष रूप से 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति अवेयरनेस करने पर ध्यान दिया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा जरूरतमंद बच्चों को समय पर उचित सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत डीएलएसए गुरुग्राम द्वारा विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा सामुदायिक क्षेत्रों में बच्चों की आयु के अनुरूप विधिक अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को नशे से दूर रहने, नशे के शुरुआती संकेतों की पहचान करने तथा आवश्यकता पडऩे पर बिना किसी भय या संकोच के सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अभिभावकों, शिक्षकों एवं पैरालीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) को भी जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे बच्चों में नशे से जुड़ी समस्याओं के शुरुआती संकेतों को पहचान सकें और जरूरत पडऩे पर उन्हें उचित परामर्श, सहायता एवं उपचार उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विशेषज्ञों और संस्थानों से जोड़ सकें। इस पूरी प्रक्रिया में बच्चों की पहचान और व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखने का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, विद्यालय ना जाने वाले बच्चों तक पहुंच बनाकर उन्हें भी अवेयरनेस एवं सहायता सेवाओं से जोडऩे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नशे की समस्या से प्रभावित बच्चों और परिवारों के प्रति समाज में संवेदनशीलता बढ़ाने तथा उन्हें बिना किसी भेदभाव के सहयोग और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

औद्योगिक श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच के लिए सुज़ुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच और उन्हें व्यावसायिक बीमारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को गांव खेडक़ीदौला स्थित सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्रम विभाग, गुरुग्राम के औद्योगिक स्वास्थ्य प्रभाग की ओर से आयोजित किया गया।

इस दौरान कंपनी में कार्यरत श्रमिकों का एचबीए1सी टेस्ट तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में श्रमिकों को औद्योगिक कार्यस्थलों पर होने वाली विभिन्न बीमारियों, उनसे बचाव तथा कार्य के दौरान स्वयं की सुरक्षा के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। शिविर का आयोजन औद्योगिक स्वास्थ्य विभाग की उप निदेशक डॉ. अलका हुड्डा के मार्गदर्शन में किया गया।

सीएम विंडो और समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से करे समाधान : एसडीएम हितेंद्र कुमार

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि एसडीएम हितेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो और समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसलिए अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका केवल औपचारिक निपटारा करने के बजाय शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत पहुंचाना सुनिश्चित करे। सभी विभाग अपने स्तर पर लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा करें और उनके समाधान में किसी भी प्रकार की देरी ना होने दे। भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि इससे पहले जीएमडीए के सीईओ डीके बेहरा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के साथ बैठक कर समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि से अधिक लंबित शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उनका जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत एसडीएम हितेंद्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर सीएम विंडो एवं समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से उनके विभागों में लंबित शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन शिकायतों का समाधान अभी तक नहीं हुआ है, उन्हें प्राथमिकता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही प्रत्येक शिकायत की प्रगति पर नियमित नजर रखी जाए और संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करे। एसडीएम ने निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों पर जल्द से जल्द कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजी जाए। शिकायत का समाधान होने के बाद संबंधित शिकायतकर्ता से फोन पर संपर्क कर फीडबैक भी लिया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसे समस्या से वास्तविक राहत मिली है। उन्होंने सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी विभाग की शिकायत 30 दिन से अधिक लंबित नहीं रहनी चाहिए। अधिकारी शिकायतों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (एटीआर) दर्ज करते समय पूरी पारदर्शिता बरते। एटीआर में शिकायत पर की गई कार्रवाई, समाधान की स्थिति और संबंधित तथ्यों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए ताकि शिकायत निवारण प्रक्रिया में जवाबदेही बनी रहे। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम गुरुग्राम पूजा, एसीपी मुख्यालय, गुरुग्राम धरमबीर, डीडीपीओ नवनीत कौर और एलडीएम विनोद कुमार बजाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

आज से बजा बैंड बाजा-दिलवाले लाएंगे दुल्हनिया-जमकर बज रही शहनाईयां

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। शुक्रवार से देवउठनी एकादशी के साथ ही क्षेत्र में विवाह-शादियों का आगाज हो गया है। ऐसे में बैंड-बाजे, ढोल, ताशे बजाने वाले, बैंकेट हाल, टैंट वाले, हलवाइयों, कैट्रिंग के साथ-साथ विवाह-शादियों का मुहुर्त निकालने वाले पंडित भी व्यस्त हो गए है। बता दें कि आज से विवाह-शादियों की शुरूआत होते ही फूल व डेकोरेशन करने वालों का धंधा भी तेजी से चमक गया है। वही बाजार में एक से एक महंगे शादी कार्ड देखने को मिल रहे है। पाया जा रहा है कि आज आधुनिक युग और आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते इस बार शहर हो या देहात सभी लोग विवाह के कार्ड छपवाने में स्टाइलिश कार्डों को ज्यादा महत्व दे रहे है। ऐसे में ब्यूटीपार्लरों की भी मौज बन आई है। दुल्हन के साथ-साथ दुल्हनिया की सखियों और परिवार की महिलाओं को सजने-संवरने के लिए ब्यूटीपार्लरों पर आना-जाना बढ़ गया है। वही दूल्हे राजा की गाड़ी को सजाने को लेकर फूल विक्रेताओं और गाड़ी सजाने वालों के यहां एक से एक लग्जरी गाडिय़ों की लाइनें लगने लगी है। पाया जा रहा है कि अपनी जीवन साथी को ब्याह कर लाने और डोली के लिए एक से एक बेशकीमती व लग्जरी गाडिय़ों की मुंहमांगे दामों पर बुकिंग हो रही है। इसके अलावा दूल्हा-दुल्हन को एक-दूजे का बनाने वाली परिणय सूत्र में बांधने वाली वरमाला ने भी मार्डन रूप ले लिया है।

पैसे की चकाचौंध के चलते अब गुलाब फूलों के साथ-साथ आर्गेट व लिली के फूलों से बनी महंगी वरमालाओं की मांग ज्यादा देखने को मिल रही है। फूल विक्रेताओं का कहना है कि आर्गेट व लिली के फूलों से बनी वर-वधूमाला की कीमत उसके वजन और सजावट के आधार पर फिलहाल 5 हजार रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक चल रही है।

वन विभाग ने संरक्षित भूमि पर कूड़ा केन्द्र बनाने पर नगरपरिषद को किया नोटिस जारी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना शहर में अरावली पर्वत की तलहटी और आबादी क्षेत्र में वन संरक्षित भूमि पर कूड़ा केन्द्र बनाए जाने पर वन विभाग ने नगरपरिषद प्रशासन को नोटिस जारी किया है। अहम बात यह है कि इस स्थान पर बड़ा कूड़ा डंपिंग वार्ड बनाने का स्थानीय लोग पार्टीबाजी, जातपात जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर पहले ही जमकर विरोध कर रहे है और वर्ष 2015-16 में नगरपरिषद द्वारा अपनी देह शामलात भूमि पर वार्ड-तेरह स्थित पहाड़ कॉलोनी में अरावली पहाड़ी की तलहटी में बनाया गया यह कूड़ा-केन्द्र शुरू से ही विवादों के घेरे में रहा है। इतना ही नही जैसे ही क्षेत्र के लोगों को इस बात की भनक लगी कि नगरनिगम ने गुरूग्राम का प्रतिदिन 1500 टन कूड़ा सोहना में इस डंपिंगस्टेशन डाले जाने के लिए 40 करोड़ रुपए की लागत से यहां पर बड़ा डंपिंगस्टेशन बनाने के लिए कार्रवाई शुरू की है, लोगों का गुस्सा एकदम भडक़ गया। पंचायतें जोडक़र संघर्ष समिति गठित की गई और एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर साफ-सपाट लहजे में कह दिया कि मुख्यमंत्री को जन भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। इलाके की जनता यहां पर डंपिंगस्टेशन हर्गिज बर्दाश्त नही करेगी। सोहना हलका में कभी बंधवाड़ी तो कभी शिवनगरी सोहना को कूड़ाघर बनाकर सरकार यहां के लोगों को क्यो बीमार बनाना चाह रही है? लोगों के गुस्से और जनभावनाओं को भाप सोहना हलका से मौजूदा भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर तथा हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने भी मुख्यमंत्री को मिलकर दो टूक शब्दों में कह दिया कि वह सोहना में इस स्थान पर डंपिंगस्टेशन बनाए जाने के तनिक भी हक में नही है। जनभावनाओं का सम्मान सर्वोपरि है। वही संघर्ष समिति की 22 नवम्बर को इस मसले पर प्राचीन हनुमानबगीची में होने वाली बैठक में अब इस मामले को अदालत और एनजीटी के दरवाजे पर ले जाने का निर्णय हो सकता है। संघर्ष समिति भी इस बात को मान रही है कि यह कूड़ा केन्द्र ना केवल घनी आबादी के बीच स्थित है बल्कि यह जमीन वन विभाग के लागू सेक्शन 4 व 5 के तहत वन आरक्षित क्षेत्र में आती है और निर्धारित कायदे-कानूनों के आधार पर इस भूमि का इस्तेमाल केवल और केवल हरियाली और पौधारोपण के लिए ही किया जा सकता है। बावजूद इसके सरकार खुद कानूनों को तोडक़र ठेंगा दिखाते हुए यहां पर कूड़ा केन्द्र बनाने की जिद पर अड़ी है तो वही अब इस भूमि पर कूड़ा डंपिंग यार्ड बनाए जाने का विवाद वन विभाग और नगरपरिषद के बीच टकराव का कारण बनता नजर आ रहा है। वन विभाग ने नगरपरिषद को नोटिस जारी कर यहां कूड़ा केन्द्र स्थापित किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। पर्यावरणप्रेमी और अंतर्राष्ट्रीय कबडडी खिलाड़ी रहे पहलवान सतबीर खटाना ने बताया कि संरक्षित जमीन पर पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम यानी पीएलपीए-1900 वाला कानून लागू है। इसकी धारा-4 और 5 के तहत संरक्षित भूमि पर बिना लिखित अनुमति, किसी भी तरह का निर्माण और कूड़ा डालना निर्धारित नियमों के विरूद्ध है। उन्होने बताया कि वन विभाग की इस क्षेत्र में करीब 40 एकड़ जमीन है। जिसे हरित क्षेत्र के रूप में सुरक्षित रखा गया है और करीब 50 वर्षों से वन विभाग के अधीन रही इस भूमि के संरक्षण और रख-रखाव की पूरी जिम्मेदारी भी वन विभाग की है लेकिन नगरपरिषद और नगरनिगम अब इस भूमि पर बड़ा कूड़ा केन्द्र बनाना चाह रहे है जबकि संरक्षित भूमि का उपयोग निर्धारित नियमों के विपरीत हर्गिज नही किया जा सकता। पर्यावरणप्रेमी और अंतर्राष्ट्रीय कबडडी खिलाड़ी रहे पहलवान सतबीर खटाना ने बताया कि इस कूड़ा केन्द्र के आसपास जहां पूरे देश-दुनिया का इकलौता निरंकारी कॉलेज बना हुआ है तो वही कई धार्मिक स्थल भी बने हुए है। इतना ही नही इसके आसपास पहाड़ कॉलोनी, आईटीआई कालोनी, पीर कॉलोनी, जखोपुर आदि भी बसे हुए है। ऐसे में इस भूमि पर यहां कूड़ा केन्द्र बनाना किसी भी दृष्टि से जायज व उचित नही है। वन विभाग के स्थानीय अधिकारी खजान सिंह की माने तो संबंधित जमीन वन विभाग की संरक्षित भूमि है। इस पर किसी भी प्रकार का निर्माण अथवा कूड़ा डालने की अनुमति नही है। नगरपरिषद ने यहां कूड़ा केन्द्र स्थापित किया, वह निर्धारित नियमों की खुली उल्लंघना है। उन्होने बताया कि वन विभाग की तरफ से नगरपरिषद प्रशासन को जल्द ही पीएलपीए की धारा-4 व 5 के तहत नोटिस जारी किया जाएगा।

साइबर अपराध के खिलाफ हरियाणा पुलिस की बड़ी पहल

ई-जीरो एफआईआर से ठगी के मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित-अब तक 1,533 एफआईआर दर्ज

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के पीड़ितों को त्वरित कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के उददेश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था लागू की गई है। इस आधुनिक व्यवस्था के माध्यम से साइबर ठगी के मामलों में एफआईआर दर्ज करवाने की प्रक्रिया को सरल, त्वरित और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

हरियाणा में यह सुविधा 25 जून, 2026 से शुरू की गई है और 14 नवंबर, 2026 तक प्रदेश में कुल 1,533 ई-जीरो एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। इस व्यवस्था के तहत साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर प्राप्त होने वाली एक लाख रुपये से अधिक की वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों को स्वत: ई-जीरो एफआईआर में परिवर्तित किया जा रहा है। इसके बाद संबंधित ई-जीरो एफआईआर को आगे की कानूनी कार्रवाई, नियमित एफआईआर के पंजीकरण और विस्तृत जांच के लिए संबंधित क्षेत्राधिकार वाले साइबर पुलिस थाने में भेजा जाता है। इस पहल का सबसे बड़ा लाभ यह है कि साइबर ठगी के पीडितों को एफआईआर दर्ज करवाने के लिए अलग-अलग पुलिस थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। शिकायत प्राप्त होने के साथ ही उसे एफआईआर की प्रक्रिया से जोडक़र संबंधित पुलिस इकाई तक पहुंचाया जाता है। इससे जांच प्रक्रिया में तेजी आती है और समय रहते ठगी की रकम को होल्ड करवाने तथा आरोपियों तक पहुंचने के प्रयासों को मजबूती मिलती है।

डीजीपी हरियाणा अजय सिंघल ने कहा कि ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था हरियाणा पुलिस की तकनीक आधारित और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में शुरुआती समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में शिकायत प्राप्त होते ही एफआईआर की प्रक्रिया शुरू होने से पीडितों को त्वरित कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने और साइबर अपराधियों के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए साइबर अपराधों की रोकथाम, जांच और नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। एसपी मयंक गुप्ता ने बताया कि ई-जीरो एफआईआर सुविधा ने साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतों पर कार्रवाई की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया है। डायल 1930 पर प्राप्त एक लाख रुपये से अधिक की ठगी से संबंधित शिकायतों को स्वत: ई-जीरो एफआईआर में परिवर्तित कर संबंधित साइबर पुलिस थाने भेजा जाता है, जहां नियमित एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी की घटना होने पर पीड़ित द्वारा तुरंत शिकायत करना बेहद जरूरी है। जितनी जल्दी शिकायत दर्ज होगी, ठगी की रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोकने और उसे होल्ड करवाने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। उल्लेखनीय है कि साइबर अपराधों के मामलों में ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था को लागू करने की दिशा में हरियाणा के साथ हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और लद्दाख में भी यह पहल की जा रही है। वहीं, दिल्ली, चंडीगढ़ और राजस्थान में भी अलग-अलग निर्धारित वित्तीय सीमाओं के आधार पर यह व्यवस्था पहले से लागू की जा चुकी है। डीजीपी अजय सिंघल ने आमजन से आग्रह करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी होने पर बिना देरी किए तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करे अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाए। त्वरित शिकायत से ठगी की रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोकने और संभावित वित्तीय नुकसान को कम करने में मदद मिल सकती है।

चुलकाना धाम में श्याम जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब, 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

श्राइन बोर्ड गठन के बाद पहली बार सरकारी निगरानी में हुआ आयोजन, डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने परिवार सहित किए बाबा के दर्शन

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार



समालखा। चुलकाना धाम में शुक्रवार को श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर श्रद्धा और भक्ति का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा धाम बाबा के जयकारों से गूंज उठा। हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु निशान यात्राएं लेकर बाबा के दरबार में पहुंचे। श्राइन बोर्ड के गठन के बाद पहली बार सरकारी निगरानी में आयोजित हुए इस जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। देर रात तक करीब 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान जताया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर देर शाम पानीपत के जिला उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ परिवार सहित चुलकाना धाम पहुंचे। उन्होंने श्री श्याम मंदिर में माथा टेककर बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा भी मौजूद रहे। डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ और गजेंद्र सलूजा ने मंदिर परिसर में मिल्क केक काटकर बाबा का जन्मोत्सव मनाया। गांव के सरपंच सतीश छौक्कर और चुलकाना धाम मंडल भाजपा के मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। रातभर आतिशबाजी और 'शीश के दानी, हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे' के जयकारों से पूरा धाम भक्तिमय बना रहा। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों से श्रद्धालु निशान लेकर पहुंचे।

यातायात व्यवस्था रही संभली, लेकिन दर्शन के लिए करना पड़ा घंटों इंतजार

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की रही। यातायात व्यवस्था के लिए इंतजाम किए गए थे, लेकिन मंदिर के गेट नंबर एक की गली में दिनभर धक्कामुक्की की स्थिति बनी रही। कई श्रद्धालुओं को चार से पांच घंटे तक कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। मुख्य द्वार बंद रहने के कारण श्रद्धालुओं को शौचालय जाने तक में परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों और सरपंच सतीश छौक्कर ने अधिकारियों से मंदिर का मुख्य द्वार खुलवाने की मांग की, ताकि श्रद्धालु पीपल के पेड़ की तरफ से भी दर्शन कर सकें और शौचालय की सुविधा का लाभ उठा सकें। ग्रामीणों के अनुसार, अधिकारियों ने करीब दस मिनट के लिए द्वार खुलवाया, लेकिन बाद में इसे फिर बंद कर दिया गया। बच्चों और महिलाओं के साथ पैदल निशान यात्रा लेकर पहुंचे भक्तों को भी काफी दिक्कतें उठानी पड़ीं। ऐसे में भव्य आयोजन के बीच दर्शन व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर सवाल उठे।

जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर सहित पूरे धाम में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालु मिल्क केक लेकर बाबा के दरबार पहुंचे और भोग लगाकर जन्मदिन की खुशियां मनाईं।

देवोत्थान एकादशी पर सेब से तिगुणे दामों पर बिके गन्ना, बेर, सिंघाड़े और सिंगरी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): देवोत्थान एकादशी के त्यौहार पर शुक्रवार को स्थानीय बाजारों में गन्ना, बेर, सिंघाड़ा, सिंगरी, मूली और लंबे बैंगन बेचने वालों ने जमकर चांदी कूटी। देखने में आया कि बाजार में आज सेब 30 से 35 प्रति किलो पर बिका तो गन्ना, बेर, सिंघाड़े और सिंगरी 100 रुपए प्रति किलो तथा लंबे बैंगन व मूली 60 रुपए प्रति किलो बेचकर दुकानदारों ने जमकर चांदी काटी। बाजार में गन्ना, बेर, सिंघाड़ें, सिंगरी, मूली और लंबे बैंगन खरीदने आए गांव सिरसका में रहने वाले कर्मपाल बोकन, शिक्षाविद अमित अधाना सिरसका, शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका, मयंक नंदा, संदीप सिंगला कालू, मनदीप खटाना दमदमिया, अभिमन्यु बोकन, गांव रिठौज से आए कामरेड प्रताप सिंह खटाना, डाक्टर सतीश जुनेजा, दीपक गर्ग होंडा, गांव बैरमपुर से आए अखिलेश अंबावता ने बताया कि पूजा के लिए उपरोक्त सामान खरीदना जरूरी है। उसी का फायदा उठाते हुए दुकानदारों ने गन्ना, बेर, सिंघाड़ा, सिंगरी, मूली और लंबे बैंगन बेचने के नाम पर मुंहमांगे दाम वसूल कर चांदी कूटने में कोई कसर नही छोड़ी। इस मौके पर गन्ने की भी जमकर बिक्री देखने को मिली। गन्ना बेचने आए लोगों ने मुंहमांगे दामों पर गन्ने बेचे तो पूरे शहर में सब्जीमंडी के भीतर बेर की एक ही हाथरेहड़ी पर बेर होने की वजह से बेर विक्रेता ने 400 रुपए किलो बेर बेचकर चांदी कूटी।

सोहना-भौंड़सी मारूतिकुंज में आई गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की बाढ़

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): शिक्षा निदेशालय के सोहना क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों की बरती जा रही अनदेखी से सोहना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ भौंड़सी और मारूतिकुंज, नयागांव में स्थित विभिन्न कॉलोनियों में अवैध रूप से चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की बाढ़ आ गई है। कमाल की बात यह है कि नौनिहालों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे यह स्कूल प्रशासन और शिक्षा निदेशालय के क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों की नाक के नीचे बेरोकेटोक धडल्ले से चल रहे है और खंड शिक्षा अधिकारी व खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी इन स्कूलों पर रोक लगाने और इन्हे बंद कराने की बजाय अनदेखी बरतते हुए हाथ पर हाथ रखे बैठे है। यही वजह है कि नयागांव-मारूतिकुंज में विभिन्न कॉलोनियों में बिना मान्यता प्राप्त इन स्कूलों की बाढ़ सी आ गई है। जागरूक लोगों का कहना है कि इन स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद कराने के साथ-साथ इन स्कूलों के संचालकों और शिक्षा विभाग के लापरवाही बरतने वाले यहां कार्यरत अधिकारियों पर भी ठोस तरीके से विभागीय व कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। तभी इन गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने में मदद मिलेगी।

सोहना के गांव कादरपुर में 27 को लगेगी वर्चुअल पेंशन अदालत : धर्मबीर डागर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने शुक्रवार को गांव भौंड़सी में पूर्व सैनिकों के बीच बोलते हुए बताया कि सोहना के गांव कादरपुर स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिसबल समूह केन्द्र में अर्धसैनिक बलों के सेवानिवृत कर्मचारियों और पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए 27 नवम्बर को वर्चुअल पेंशन अदालत लगाई जाएगी। इस पेंशन अदालत में सीआरपीएफ के अलावा सभी अर्धसैनिक बलों के सेवानिवृत कार्मिक अपनी पेंशन संबंधी समस्याओं के लिए ऑनलाइन जुड़ सकते है। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि कादरपुर सीआरपीएफ समूह केन्द्र के अंतर्गत महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, फरीदाबाद, पलवल, नूंह, गुरूग्राम समेत 6 जिले आते है। वर्चुअल पेंशन अदालत सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक लगेगी। उन्होने बताया कि इस वर्चुअल पेंशन अदालत में अपनी बात रखने के लिए पेंशनर मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायतें व सुझाव भी 7979053284 और 9991995347 नंबरों पर अथवा वीडियो कॉल से भी बात कर दर्ज करा सकते है।

प्रदूषण से बचाव के लिए चलाया जाएगा जन जागृति अभियान : ओपी कथूरिया

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): ग्रेप के लागू तीसरे चरण की पाबंदियों को हटने के बाद पारे में गिरावट के बावजूद तेजी से बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर आम जनमानस को प्रदूषण से बचाव के लिए पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने जन जागृति अभियान चलाने का निर्णय लिया है। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व जाने-माने समाजसेवी ओपी कथूरिया ने बताया कि पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने यह भी निर्णय लिया है कि यदि उनके संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता किसी दूसरे संगठन के कार्यक्रम में शामिल होंगे तो वह वहां भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर आम जनमानस को प्रदूषण से बचाव के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होने बताया कि बढ़ रहे प्रदूषण से जहरीली हवा के कारण श्वसन तंत्र संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही है। केवल सरकारी नीतियों व कानूनों के भरोसे प्रदूषण से मुकाबला संभव नही है। इसमें समाज की भागीदारी बहुत ही जरूरी है। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व जाने-माने समाजसेवी ओपी कथूरिया ने बताया कि आम जनमानस को सफाई पर ध्यान रखने के बारे में जागरूक बनाने के साथ-साथ भारतीय जीवन शैली में शामिल हवन-यज्ञ प्रतिदिन नियमित रूप से किए जाने और योगा व प्राणायाम को सामूहिक अभियान का हिस्सा बनाए जाने पर भी लोगों को जागरूक करने पर उनका विशेष फोकस रहेगा। उन्होने बताया कि गिलोय, नीम, गुग्गल, कपूर और लोबान जैसी औषधीय सामग्री से यज्ञ करने वाली परम्परा पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाती है।

आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से निवारण करें अधिकारी : मंत्री रणबीर गंगवा

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में हुई जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। अधिकारियों द्वारा समस्याओं के निवारण में अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखे जाए। हरियाणा सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति से पूरी पारदर्शिता से कार्य कर रही है। आमजन को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा शुक्रवार को रेवाड़ी केबाल भवन सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मंत्री के समक्ष कुल 13 मामले रखे गए, जिनमें से 9 का निवारण कर दिया गया। वहीं 4 परिवादों में आगामी बैठक में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री ने गांव पीवरा में जमाबंदी की मलकीयत में हिस्सेदारों का नाम गलत दर्ज करवाने के मामले में एसडीएम बावल संजीव कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण रिकॉर्ड जांच कर आगामी बैठक में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गांव कलवाड़ी निवासी अमर सिंह जांगड़ा द्वारा सोसायटी में किए गए कार्य की अदायगी न करने की शिकायत में जांच में सहयोग नहीं करने पर संबंधित हिस्सेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

बैठक में राधा कृष्ण सोसायटी सुठानी के निवासियों ने बताया कि पिछली मीटिंग के आदेश के बाद भी बिजली कनेक्शन नहीं मिले है। जिस पर मंत्री ने बिजली निगम के अधिकारियों को जल्द से जल्द कनेक्शन देने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली निगम से जुड़े अन्य मामलों में भी तेजी से कार्रवाई करते हुए निवारण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लाइनमैन द्वारा मीटर लगवाने के नाम पर पैसे लेने के मामले में बिजली निगम के अधिकारियों को ग्रीवेंस कमेटी के सदस्यों को शामिल करते हुए जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में कुछ परिवाद के मामले कोर्ट में विचाराधीन रहने के पाए गए।परिवेदना समिति की बैठक में कुछ मामले अवैध कब्जे से संबंधित थे। मंत्री ने इन मामलों में अधिकारियों को जांच करते हुए निवारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, कोसली के विधायक अनिल यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, परिवार पहचान पत्र स्टेट कॉर्डिनेटर डा. सतीश खोला, नगर परिषद चेयरपर्सन विनीता पीपल, डीसी अभिषेक मीणा, एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वैश्विक हिंदी परिवार के तत्वावधान में हरियाणा का दीप पर्व 'दीपोत्सव आयोजित

साहित्य, संवेदना और सृजन का आत्मीय संगम

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। वैश्विक हिंदी परिवार के तत्वावधान में हरियाणा का दीप पर्व 'दीपोत्सव' गुरुग्राम में डॉ. नलिनी भार्गव (चित्रकारा, लेखिका एवं कवयित्री), संयोजक, वैश्विक हिंदी परिवार, गुरुग्राम के निवास पर हर्षोल्लास एवं साहित्यिक वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्विक हिंदी परिवार के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जोशी ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अमरनाथ अमर, डॉ. अशोक बत्रा, वरिष्ठ ग़ज़लकार त्रिलोक कौशिक, वरिष्ठ साहित्यकार राजेश्वर वशिष्ठ एवं मदन साहनी उपस्थित रहे। गोष्ठी में सुनीति रावत, शकुंतला मित्तल, डॉ. रानी श्रीवास्तव, शारदा मित्तल, मनोज श्रीवास्तव 'अनाम', प्रीति मिश्रा, शीतांशु शेखर श्रीवास्तव एवं विनयशील चतुर्वेदी सहित अनेक साहित्यकारों एवं कवि-कवयित्रियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का पाठ किया। सभी प्रस्तुतियाँ भावपूर्ण एवं सराहनीय रहीं। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन ऋषि कुमार शर्मा, अध्यक्ष, वैश्विक हिंदी परिवार, दिल्ली इकाई ने किया। इस अवसर पर सरोज 'अमर', दीपक चौधरी एवं उमेश भार्गव श्रोता के रूप में उपस्थित रहे। आयोजक डॉ. नलिनी भार्गव ने सभी अतिथियों एवं रचनाकारों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

रेवाड़ी वासियों को मिली बड़ी सौगात : नागरिक अस्पताल के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने 34,828.77 लाख रुपये किए मंजूर

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि रेवाड़ी जिले के नागरिकों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रेवाड़ी के नागरिक अस्पताल के लिए 348.28 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिक अस्पताल के निर्माण से रेवाड़ी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल बनने से मरीजों को उपचार के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें जिले में ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने और आमजन को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। रेवाड़ी नागरिक अस्पताल की परियोजना क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को नई मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाने की दिशा में आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

नागरिक अस्पतालों में शुरू हुई अमृत फार्मेसी, मरीजों को 50 प्रतिशत तक कीमत पर मिलेंगी दवाइयां: मंत्री कृष्ण लाल पंवार

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शुरू की गई अमृत फार्मेसी आमजन, विशेषकर गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। इन फार्मेसियों में कैंसर सहित गंभीर बीमारियों की दवाइयां बाजार की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। इससे महंगी दवाइयों के कारण आर्थिक परेशानी झेल रहे मरीजों को राहत मिलेगी। सोनीपत में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अमृत फार्मेसी तथा गांव रूखी खास के जलघर में नहरी पानी के भंडारण के लिए बनाए गए आरसीसी टैंक एवं संबंधित कार्यों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 16 जिला अस्पतालों में अमृत फार्मेसियों का शुभारंभ किया।

श्री पंवार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सीटी स्कैन, एमआरआई और नि:शुल्क डायलिसिस जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अलावा अस्पतालों में 500 से अधिक प्रकार की दवाइयां उपलब्ध हैं।

विकास की बाट जोह रहा ऐतिहासिक नवाबी शहर फर्रूखनगर; उपमंडल का दर्जा और रिंग रोड न बनने से लोगों में रोष

अंग्रेजी हुकूमत में पूर्ण तहसील रहे फर्रूखनगर की आजादी के बाद हुई अनदेखी, मुख्यमंत्री के आश्वासन के बावजूद अधूरी हैं इलाके की प्रमुख मांगें

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



फर्रूखनगर। अंग्रेजी हुकूमत के दौर में पूर्ण तहसील का दर्जा रखने वाला ऐतिहासिक और नवाबी शहर फर्रूखनगर आजादी के दशकों बाद भी बुनियादी विकास और प्रशासनिक सम्मान की बाट जोह रहा है। इलाके के लोगों का मानना है कि संयुक्त पंजाब के दौर से लेकर 1966 में हरियाणा के गठन के बाद तक कई सरकारें बदलीं, लेकिन इस ऐतिहासिक कस्बे को अपेक्षित गति से उन्नति की राह नहीं मिल पाई।

प्रशासनिक दर्जे के लिए लंबा संघर्ष

स्थानीय निवासियों के अनुसार, फर्रूखनगर के प्रशासनिक उत्थान की प्रक्रिया बेहद धीमी रही है। लंबे इंतजार के बाद वर्ष 2000 में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की सरकार के दौरान इसे 'उप-तहसील' का दर्जा मिला। इसके एक दशक बाद, वर्ष 2010 में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में इसे पूर्ण 'तहसील' बनाया गया।

उम्मीदों पर नहीं खरी उतरी वर्तमान व्यवस्था

क्षेत्रवासियों का कहना है कि विकास की आस में इलाके की जनता ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में लगातार तीन बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों पर भरोसा जताया और उन्हें जीत दिलाकर भेजा। लेकिन लोगों में इस बात को लेकर भारी निराशा है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में फर्रूखनगर को 'उपमंडल' (सब-डिवीजन) का दर्जा मिलना तो दूर, शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रस्तावित 'रिंग रोड' तक का निर्माण नहीं हो पाया है।

आश्वासन के बाद भी काम अधूरे, लोगों में नाराजगी

इलाके के लोगों का आरोप है कि मुख्यमंत्री स्तर से आदेश और आश्वासन दिए जाने के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। इसके चलते क्षेत्र की जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है और सत्ताधारी दल के प्रति लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है।

उपमंडल बनने से खुलेंगे विकास के नए द्वार

शिवचरण सिमार बीजेपी मंडल महामंत्री एंव सदस्य मार्किट कमेटी फरूखनगर, स्वामी प्रदीप जी महाराज, अधिवक्ता राजेश राव, अशोक शर्मा, सूरज प्रकाश शर्मा आदि स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि फर्रूखनगर को उपमंडल का दर्जा मिलना समय की सबसे बड़ी मांग है। उपमंडल का गठन होने के बाद ही क्षेत्र में पटौदी की तर्ज पर न्यायिक अदालत (कोर्ट) की स्थापना का रास्ता साफ हो सकेगा, जिससे आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को अपने प्रशासनिक और कानूनी कार्यों के लिए गुरुग्राम या पटौदी के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।